# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
09 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 40 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा

### प्रदर्शनकारियों ने फूंकी गाड़ियां



मुर्शिदाबाद। पिछले सप्ताह वक्फ संशोधन विधेयक को संसद ने पारित किया है। नए कानून के विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में लोग वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका तो झड़प हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई। सड़क जाम करने से रोकने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

संसद से पारित हुए वक्फ संशोधन कानून का लगातार विरोध हो रहा है। पीटीआई के मुताबिक मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में लोगों ने वक्फ (संशोधन) कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर जाम लगाने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोका तो प्रदर्शनकारी का आक्रोश बढ़ गया। प्रदर्शन हिंसक हो गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की और उसे आग लगा दी।

शेष पेज 2 पर

## ईपीएफओ से जुड़े कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

नई दिल्ली । केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान कराकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) और उससे जुड़ी सेवाएं हासिल कर सकेंगे। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। ईपीएफओ के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने एक और अच्छी खबर का एलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान कराकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) और उससे जुड़ी सेवाएं हासिल कर सकेंगे।

शेष पेज 2 पर

## पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते में 26 फीसदी की बढ़ोतरी, योगी कैबिनेट ने दी सौगात



लखनऊ । योगी सरकार ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में पीआरडी जवानों का भत्ता बढ़ाने सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। जवानों को बढ़ा हुआ भत्ता एक अप्रैल से मिलेगा।

योगी सरकार ने प्रदेश में पीआरडी स्वयंसेवकों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 34 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। सीएम योगी की अगुवाई में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है।

– अयोध्या में मंदबुद्धि छात्रों के लिए डे केयर सेंटर को मंजूरी। जिला दिव्यांग व सशक्तिकरण विभाग को जमीन निशुल्क ट्रांसफर की जाएगी।

– अयोध्या में 300 बेड के अस्पताल के लिए 12,798 वर्ग मीटर जमीन निशुल्क दी जाएगी। यह जमीन सीतापुर आई हॉस्पिटल की सरप्लस जमीन का एक हिस्सा है।

– उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा की नियमावली में बदलाव। अभी विभाग में प्रमोशन की वजह से वरिष्ठ अफसर ज्यादा और कर्मचारियों की संख्या कम हो गई थी। फुल स्टाफ नियमावली में बदलाव कर इस पिरामिड को ठीक किया जाएगा। निचले स्टाफ के 900 पद रहेंगे। इसके बाद 150 पदों का प्रमोशन किया जाएगा। विभाग में कुल 1307 पद हैं।

शेष पेज 2 पर

## यूपीः प्रदेश के 17 जिलों में लू की चेतावनी, पर कुछ जिलों में होगी हल्की बारिश, मौसम विभाग ने जारी किए अलर्ट





लखनऊ । यूपी में मौसम दोहरा असर दिखा रहा है। प्रदेश में कुछ जिलों में लू चल रही है तो वहीं बुधवार से कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पूर्वा हवाएं चलीं और तराई के कुछ इलाकों में बादलों की आवाजाही रही। बुधवार के लिए मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के लगभग 17 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है और पूर्वी-तराई हिस्सों में बूंदाबांदी के आसार जताए हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक यूपी के पूर्वी-तराई इलाकों महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, गोरखपुर, बस्ती आदि में गरज-चमक संग बूंदाबांदी के संकेत हैं। कहीं-कहीं वज्रपात के भी आसार हैं।

शेष पेज 2 पर

### पीएम से संवाद में रायबरेली की महिला ने कह दी ऐसी बात

## मोदी को आ गई हंसी, बोले- आपको चुनाव लड़ना है क्या ?



रायबरेली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास में 'मुद्रा योजना' के लाभार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री से संवाद में रायबरेली की महिला ने उद्यम को लेकर दूर हुई समस्याओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही अपने अनुभव साझा किए। महिला उद्यमी की बातें सुन पीएम को हंसी आ गई। उन्होंने पलटकर पूछ लिया कि आपको चुनाव लड़ना है क्या?

राजधानी दिल्ली में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास में 'मुद्रा योजना' के लाभार्थियों से बातचीत की। बातचीत के दौरान रायबरेली में बेकरी का उद्यम करने वाली महिला ने ऐसी बात कह दी कि प्रधानमंत्री को हंसी आ गई। उन्होंने पलटकर पूछा कि आपको भी चुनाव लड़ना है क्या?

प्रधानमंत्री से संवाद के क्रम में रायबरेली की महिला का नंबर आया तो सबसे पहले उसने मुद्रा लोन योजना शुरू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके बाद कहा कि आपके सहयोग से एमएसएमई विभाग काफी आगे बढ़ रहा है। उसके माध्यम से हम व्यापारियों को भी मदद मिल रही है। पहले किसी भी उद्योग के लिए लाइसेंस लेने में दिक्कतें होती थीं। लोन में काफी समस्या आती थी। अब वह समस्याएं दूर हुई हैं। हम आपसे वादा करते हैं कि आपका जो विकसित भारत का सपना है, हम मिलकर उसे पूरा करेंगे।

महिला की इस बात पर प्रधानमंत्री हंसने लगे। उन्होंने पलटकर पूछा कि आप चुनाव लड़ना चाहती हैं? इस पर उसने हंसते हुए कहा नहीं।

शेष पेज 2 पर

## बिहार, बंगाल और तमिलनाडु पर अमित शाह का पूरा फोकस

नई दिल्ली। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, जहां भाजपा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडी(यू) के साथ गठबंधन में है। ऐसी अफवाहें हैं कि भाजपा अगर पर्याप्त सीटें जीतती है तो वह नीतीश को हटाकर अपना खुद का मुख्यमंत्री बनाना चाहती है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन चुनावी राज्यों- बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हर महीने दो दिन बिताएंगे, ताकि भाजपा के अभियान प्रयासों का समन्वय किया जा सके। इन तीनों राज्यों में भगवा पार्टी के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है। पश्चिम बंगाल में, जहां मार्च-अप्रैल 2026 में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है, भाजपा तृणमूल कांग्रेस से सत्ता छीनने की इच्छुक है। 2021 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने 294 में से 77 सीटें जीतीं।

शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान से ISI ने हमला करवाया, पंजाब में पूर्व मंत्री के घर पर ग्रेनेड अटैक को लेकर DGP ने क्या खुलासे किए?



लुधियाना। एडीजीपी शुक्ला ने कहा कि मामले को वैज्ञानिक तरीके से सुलझाया गया है। हम केंद्रीय एजेंसियों के संपर्क में हैं और छापेमारी जारी रखे हुए हैं। निवारक उपाय भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने ऐसे अधिकांश मामलों को तेजी से सुलझा रही है और राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मनोरंजन कालिया ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें शुरू में लगा कि यह आवाज ट्रांसफॉर्मर विस्फोट या गड़गड़ाहट की है। बाद में उन्हें पता चला कि यह ग्रेनेड विस्फोट था, जब उनके दरवाजे पर किसी ने उन्हें बताया। पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास के बाहर ग्रेनेड हमले के सिलसिले में पाकिस्तान स्थित एक व्यक्ति सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले को 12 घंटे के भीतर सुलझा लिया गया

शेष पेज 2 पर

### अखिलेश यादव का केंद्र पर निशाना

## वक्फ बिल अपनी विफलताओं को छिपाने का एक तरीका है



लखनऊ। अखिलेश ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा की हार होगी। भाजपा पीडीए की एकता का सामना नहीं कर सकती। इसके अलावा, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा कि सरकार प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर जवाब नहीं देना चाहती है और कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हर निर्णय ले रही है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून भाजपा की नाकामियों को छिपाने का एक तरीका है, जिसे उनकी योजनाओं की नाकामियों को छिपाने के लिए लाया गया है। जौनपुर में मीडिया से बात करते हुए यादव ने कहा कि वक्फ बिल उनकी नाकामियों को छिपाने का एक तरीका है। वे अपनी योजनाओं की नाकामियों को छिपाने के लिए ऐसे कानून लाए हैं। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा में भी इसे स्वीकार नहीं किया।

अखिलेश ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा की हार होगी। भाजपा पीडीए की एकता का सामना नहीं कर सकती। इसके अलावा, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा कि सरकार प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर जवाब नहीं देना चाहती है

शेष पेज 2 पर

### सिम कार्ड | लगेगी लंबी लाइन, सरकार कर रही बड़ी तैयारी!

## बदले जाएंगे सभी पुराने सिम कार्ड, सरकार कर रही बड़ी तैयारी !



नई दिल्ली। यह जांच राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक और गृह मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी, जिसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उठीं। अब सरकार इस मुद्दे पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर रही है और पुराने सिम कार्ड्स को बदलने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

यदि आपके पास भी पुराना सिम कार्ड है तो आपके लिए बड़ी खबर है। इसकी पूरी संभावना है कि जल्द ही आपको नया सिम लेना पड़े। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि भारत सरकार पुराने सिम कार्ड को रिप्लेस करने की तैयारी कर रही है।

भारत सरकार मोबाइल फोन में उपयोग हो रहे पुराने सिम कार्ड्स को बदलने पर विचार कर रही है। यह कदम देश की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा की गई एक जांच के बाद सामने आया है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि कुछ सिम कार्ड्स में प्रयुक्त चिपसेट्स चीन से आए थे।

यह जांच राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक और गृह मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी, जिसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उठीं। अब सरकार इस मुद्दे पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर रही है और पुराने सिम कार्ड्स को बदलने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

**क्या है मामला ?**

मिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, ठउरउ ने देश के प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर्स जैसे रिलायंस जिओ, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के वरिष्ठ अधिकारियों और दूरसंचार मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

शेष पेज 2 पर

# 12 इंस्पेक्टर और 108 सब इंस्पेक्टरों को जनपद से तबादला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




मेरठ। जिले में तीन साल से अधिक कार्यरत 12 इंस्पेक्टरों और 108 सब इंस्पेक्टरों का समीपवर्ती जिलों बुलंदशहर, बागपत एवं हापुड में तबादला हुआ है। .पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्रकलानिधि नैथानी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत व हापुड़ मे नियुक्त 08 निरीक्षक व 125 उप निरीक्षको का समयावधि पूर्ण होने पर ग्रीष्मकालीन स्थानान्तरण किया गया है जिसमे 10 उप निरीक्षको को यूपी 112 से जनपदो मे स्थानान्तरित किया गया है। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर 05 निरीक्षक व 10 उप निरीक्षक का स्थानान्तरण किया गया है। उन्होंने बताया कि समयावधि पूर्ण होने पर जनपद मेरठ से 03 निरीक्षक व 28 उपनिरीक्षक का बुलंदशहर, 03 निरीक्षक व 12 उपनिरीक्षक का बागपत एवं 14 उपनिरीक्षक का हापुड़ कुल 06 निरीक्षक व 54 उपनिरीक्षक का स्थानान्तरण किया गया है।

इसी तरह डायल-112 में नियुक्त जनपद की निर्धारित अवधि पूर्ण करने वाले 10 उप निरीक्षकों का डायल-112 से जनपदों में स्थानांतरण किया गया है जिसमें जनपद मेरठ से 05, बुलंदशहर से 04 व हापुड़ से 01 उप निरीक्षक का स्थानांतरण किया गया है । अनुकम्पा के आधार पर जनपद मेरठ से 02 निरीक्षक का हापुड व 03 उपनिरीक्षक का बुलंदशहर, जनपद बागपत से 01 निरीक्षक मेरठ व 01 बुलन्दशहर एवं 01 उपनिरीक्षक हापुड व 02 का बुलन्दशहर तथा जनपद हापुड़ से 01 निरीक्षक मेरठ व 04 उपनिरीक्षक का बुलन्दशहर, कुल 05 निरीक्षक एवं 10 उपनिरीक्षक का स्थानान्तरण किया गया है।

# बागपत में नियम विरूद्ध चल रही 20 ई-रिक्शाओं का काटा गया चालान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



बागपत। जनपद बागपत में निर्बाध रूप से यातायात के मुक्त प्रवाह को गति प्रदान कराये जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी- प्रशासन/प्रवर्तन बागपत राघवेंद्र सिंह द्वारा नियम विरूद्ध चल रही 20 ई-रिक्शाओं का चालान काटा गया और 2 ई-रिक्शा निरूद्ध किये गये।

राघवेंद्र सिंह ने थ्री व्हीलर टेंपो एवं ई रिक्शा संचालकों व डीलर्स को सूचित किया कि वह सभी ई रिक्शा पर नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई कंप्लीट करने के उपरांत ही रोड पर ई-रिक्शाओं को संचालन के लिए आने दें। बिना रजिस्ट्रेशन, बिना टैक्स और बिना फिटनेस के ई-रिक्शा के संचालित पाये जाने पर चालान की कार्रवाई पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा चालकों से अनुरोध किया कि वह बिना पंजीयन, बिना लाइसेंस, बिना प्रपत्र के अपने वाहन संचालन कदापि न करें।

# कमेटी के नाम पर ठगे लाखों रुपए नरेंद्र (नंदी) परमाल पर हो कार्रवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

गाजियाबाद थाना- मधूबन बापूधाम, प्रार्थी कानून मे अटूट आस्था रखने वाला मध्यम वर्गीय परिवार से सम्बन्ध रखने वाला व्यक्ति है जिसके पड़ोस मे रहने वाले अभियुक्तगण नरेंद्र (नंदी) पुत्र कृष्णा व परमाल पुत्र राम किशन, निवासीगण- ग्राम- रईसपुर, थाना- मधुबन बापूधाम, तहसील व जिला- गाजियाबाद द्वारा पड़ोस व जान पहचान होने के नाते प्रार्थी से कमेटी के विषय मे बताकर व अन्य धन लाभ का प्रलोभन दे कर एक राय साजिशन व रंजिशन होकर प्रार्थी से अपने यहाँ कमेटी मे हिस्सा लेने का प्रस्ताव प्रार्थी को दिया क्योंकि प्रार्थी बेहद मध्यम वर्ग परिवार का व्यक्ति है और जिसे किन्ही कारणवस पैसे / धन की आवश्यकता थी। जिस कारण प्रार्थी ने अभियुक्तगण के यहाँ दिनांक- 15-02-2023 को 3 वर्ष की कमेटी मे हिस्सा लिया जिसकी शर्तों अनुसार 1,000 /- रुपये प्रतिमाह देकर 50,000 /- रुपये का धन लाभ मिलेगा और यदि कमेटी का सदस्य 3 वर्ष के बीच मे धन की आवश्यकता पड़ने पर कमेटी कम से कम यदि 10,000 /- रुपये भी उठाते है तो 2% प्रतिशत का ब्याज अभियुक्तगण को देना होगा प्रार्थी द्वारा 2 वर्ष से अभियुक्तगणों को कमेटी की किस्त / धनराशि के रूप मे अब तक 50,000 /- रुपये दे चुका है परन्तु अभियुक्तगणों द्वारा प्रार्थी को आवश्यकता पड़ने पर न तो कमेटी उठाने की अनुमति दी गयी और न ही प्रार्थी की संतुष्टि के अनुसार उसके द्वारा दी गयी धनराशि को वापिस नहीं दिया गया। प्रार्थी अभियुक्तगणों के घर व ऑफिस मे जाकर चक्कर लगाता रहा और प्रार्थना करता रहा कि मुझे कमेटी उठाने की आवश्यकता है परन्तु अभियुक्तगणों द्वारा प्रार्थी को कई बार टालम टोल व झूठे आश्वासन देते हुए चक्कर लगवाता रहा दिनांक- 15-03-2025 को प्रार्थी जब धन की बेहद आवश्यकता पड़ने पर कमेटी उठाने के लिए या फिर प्रार्थी के द्वारा दिए गए अब तक 50,000 /- रुपये वापिस लेने के लिए तो अभियुक्तगणों द्वारा प्रार्थी के साथ गाली गलौच कर मारपीट कर भगा दिया और कहने लगे कि हम लोग कमेटी के नाम पर लोगों का पैसा हड़प लेते है हमारे यही काम है यदि अब तू दुबारा यहाँ आया तो हमारी शासन प्रशासन मे अच्छी जान व पहचान है हम तुझे जान से मार या मरवा देंगे या फिर झूठे मुकदमे मे फसा कर तेरी जिन्दगी बर्बाद कर देंगे तब से प्रार्थी बेहद डरा व सहम हुआ है अभियुक्तगणों द्वार यह कमेटी के नाम पर जो गौरख धंधा किया जा रहा है। इनके द्वारा गरीब व भोले भाले मजबूर लोगों को धन का लाभ प्रलोभन कमेटी के रूप से देकर अपने जाल मे फसा लेते है और उनका पैसा हड़प लेते है।

# भंडारे का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। ऊं मित्र मंडल ट्रस्ट सेक्टर 2 शास्त्री नगर मेरठ द्वारा धर्म प्रेमियों के सहयोग से महिने के दूसरे मंगलवार हनुमान जी के दिन हलवा का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष चक्रपाणि शर्मा, सचिव व मुख्य ट्रस्टी सतीश कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, मुनीश शर्मा, आशीष नामदेव, विजय गांधी गोतम चौहान पार्षद विरेन्द्र शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## दोस्त निकले दगाबाजः अस्पताल में युवक को मृत छोड़कर भागे मित्र...

औरंगाबाद (बुलंदशहर)औरंगाबाद निवासी युवक कासना में वेल्डिंग का काम करता था। दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में दोस्त छोड़कर भागे थे। परिजन शव गांव ले आए हैं। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के औरंगाबाद नगर के मोहल्ला जंगलीपीर निवासी 21 वर्षीय कामिल की नोएडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके साथी दिल्ली सफदरगंज अस्पताल में उसे मृत अवस्था में छोड़कर चले गए।

# प्रतिवर्ष 20 से 30 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं आवारा कुत्तों को पकड़ने में फिर भी समस्या बरकरार

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिए नगर निगम हर साल करीब 20 से 30 लाख रुपये खर्च कर रहा है। इसके बावजूद आवारा कुत्तों से निजात नहीं मिल रही है। पार्षद राजेश अग्रवाल ने नगर आयुक्त से शिकायत कर जांच की मांग की है।

नगर निगम ने एक फर्म को कुत्तों को पकड़ने और उनके बंध्याकरण की जिम्मेदारी दी है।पार्षद राजेश अग्रवाल ने सोमवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर बताया है कि नगर निगम का लेखा विभाग से पांच साल से एजेंसी को गलत भुगतान किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में 27,53,445 लाख का भुगतान किया है।

आरोप है कि 2022-23 के वित्तीय वर्ष में करीब 19 लाख, 2023-24 में 30 लाख रुपये से अधिक का भुगतान कुत्ता पकड़ने के नाम पर किया गया है। अगर जांच की जाए तो बड़ा गोलमाल उजागर होगा। कुत्तों को पकड़ने का काम केवल कागजों में किया जा रहा है जबकि धरातल पर कुत्तों से लोग परेशान हैं। इनके हमले से आए दिन घायल होकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बोर्ड बैठक में भी मामले की जांच की मांग की है।

# 82 लाख रुपये से बनेगा जिम्नास्टिक हॉल टेंडर प्रक्रिया पूरी

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों को जल्द ही अभ्यास करने के लिए हॉल की सौगात मिलेगी। बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) की ओर से 82 लाख रुपये की लागत से हॉल के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कार्यदायी संस्था के रूप में विपिन भाटिया कंपनी का चयन किया गया है। निर्माण पूरा होने के बाद खिलाड़ियों को अत्याधुनिक स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्टेडियम में अब तक जिम्नास्टिक के लिए अलग से कोई समर्पित स्थान नहीं था। खिलाड़ी बैडमिंटन हॉल के कोने में सीमित जगह पर ही गद्दे बिछाकर अभ्यास करते थे। इससे उन्हें काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। अब जिम्नास्टिक हॉल के निर्माण के बाद गद्दे और अन्य उपकरणों को रखने के लिए खिलाड़ियों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा। नए हॉल में उपकरणों को फिक्स कर दिया जाएगा। इससे अभ्यास भी ज्यादा प्रभावी हो सकेगा।

आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि जिम्नास्टिक हॉल का निर्माण स्टेडियम परिसर स्थित वेटलिफ्टिंग हॉल और बैडमिंटन हॉल के बीच में खाली जगह पर किया जाएगा। जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों को लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा थी। निर्माण पूरा होने पर खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए भरपूर स्थान और पर्याप्त समय मिलेगा।

# एसएसपी ने मूल्यांकन में किया पांच चौकी प्रभारियों को पुरस्कृत

## फिसड्डी रहने वालों के खिलाफ बैठाई जांच

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। पुलिस कप्तान की कसौटी पर फिसड्डी साबित हुए पांच चौकी प्रभारियों के खिलाफ जांच बैठा दी गई है, वहीं पांच प्रभारियों को पुरस्कृत किया है। फतेहगंज पश्चिमी कस्बा चौकी प्रभारी और उनके साथी सिपाहियों पर मुकदमे और निलंबन की कार्रवाई के बाद अब एसएसपी अनुराग आर्य ने यह पहल की है।

फरवरी के मूल्यांकन में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सेटेलाइट चौकी प्रभारी गौरव कुमार अत्री को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व 10 हजार रुपये पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहे मीरगंज कस्बा चौकी प्रभारी यतेंद्र सिंह को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और सात हजार रुपये पुरस्कार मिला।

तीसरे स्थान पर कैंट की नकटिया चौकी के प्रभारी मोहित चौधरी रहे। उन्हें ट्रॉफी, प्रशस्तिपत्र और चार हजार रुपये मिले। चौथे स्थान पर भमोरा की सरदारनगर चौकी प्रभारी विकास यादव रहे। उनको प्रशस्ति पत्र और 2500 रुपये दिए गए। नवाबगंज कस्बा चौकी प्रभारी विदेश कुमार शर्मा को पांचवां स्थान मिला। उन्हें प्रशस्ति पत्र और 1500 रुपये पुरस्कार दिया गया है। रुहेलखंड चौकी प्रभारी सबसे पीछे

सबसे खराब प्रदर्शन बारादरी की रुहेलखंड चौकी के प्रभारी राहुल सिंह पुंडीर का रहा। आंवला की रामनगर चौकी के प्रभारी नरेंद्र कुमार, प्रेमनगर की अशरफ खां चौकी के प्रभारी मनोज कुमार, इज्जतनगर की कर्मचारी नगर चौकी के प्रभारी सतीश कुमार और बैरियर वन चौकी के प्रभारी संजय सिंह भी इस कसौटी पर खरे साबित नहीं हुए। सभी के खिलाफ प्रारंभिक जांच कराई जा रही है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि विवेचना, जनशिकायतों के निस्तारण, चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी की विवेचनाओं के निस्तारण के आधार पर मूल्यांकन किया गया है।

# बरेली में एम्स खोले जाने की मांग को लेकर समाजवादियों

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली , फरीदपुर बरेली में एम्स की स्थापना की मांग को लेकर आंवला सांसद नीरज मोर्य द्वारा लोकसभा में प्रश्न उठाया गया था और जनहित में उसकी शीघ्र स्थापना कराऐ जाने की मांग की थी। बरेली में एम्स की स्थापना कराए जाने को लेकर चलाऐ जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत फरीदपुर तहसील में मंगलवार को एक हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर मांग पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया।इस अभियान के तहत लोगों ने एम्स की आवश्यकता को लेकर हस्ताक्षर किए और सरकार से जल्द से जल्द बरेली में एम्स की स्थापना की मांग की। आयोजकों का कहना था बरेली में एम्स स्थापित होता है, तो इससे न केवल स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा बल्कि आसपास के जिलों की भी स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रधान ने बताया कि यह मुहिम लगातार तेज की जा रही है और आने वाले दिनों में जिले के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के हस्ताक्षर अभियान चलाए जाएंगे। इस हस्ताक्षर अभियान में विधानसभा अध्यक्ष बलराम यादव , प्रभारी फरीदपुर तारिक लिटिल रविंद्र यादव , आसिफ अली , अमित भाई, केपी यादव रामदास मौर्य एडवोकेट बृजेश यादव एडवोकेट संजीव यादव एडवोकेट विवेक शुक्ला एडवोकेट केशव यादव एडवोकेट शिवम यादव, राजवीर सागर नगर अध्यक्ष नुशरत शेख धीरेंद्र यादव राहुल वीरेश विकास प्रमोद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**सभी वार्डों में पानी की व्यवस्था को बेहतर करने में जुटा निगम, 30 एचपी के लगाए जाएंगे 34अतिरिक्त नलकूप**

# पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करें अधिकारी, आवश्यकता को देखते हुए बढ़ाएं टैंकरों की संख्या- नगर आयुक्त



गाजियाबाद नगर निगम लगातार पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगा हुआ है सभी वार्डों में समय से पानी की आपूर्ति सुचारू रहे जलकल विभाग टीम मॉनिटरिंग कर रही है ऐसे क्षेत्र जहां पर पेयजल की आपूर्ति में परेशानी आ रही है वहां अधिक ध्यान देते हुए आवश्यकता को देखते हुए नलकूप लगाने की तैयारी भी विभाग द्वारा की जा रही है महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए नलकूप लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है जिसमें विजयनगर तथा सिटी जोन अंतर्गत विशेष ध्यान दिया जा रहा है'महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 1100 नलकूप पेयजल की आपूर्ति कर रहे हैं जिसमें 300 नलकूप 15 से 30 एचपी के हैं तथा 800 नलकूप 10 एचपी के हैं लगभग 6500 हैंड पंप गाजियाबाद नगर निगम के हैं जिनसे शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा रही है सभी वार्डों में पानी की सप्लाई निरंतर हो कार्यवाही ग्राउंड लेवल पर चेक भी की जा रही है जिसके लिए खराब नलकूपों को ठीक कराया जा रहा है तथा आवश्यकता को देखते हुए नए नलकूप लगाने का कार्य भी किया जा रहा है जिसमें वर्तमान में 10 से 15 नलकूप नये लगाने का कार्य विभाग कर रहा है नेहरू नगर, लाजपत नगर, सेक्टर 9 विजय नगर, कुटी, जे ब्लॉक प्रताप विहार, राजनगर, रजापुर तथा वसुंधरा क्षेत्र में भी आवश्यकता को देखते हुए नलकूप लगाई जा चुके हैं, महाप्रबंधक जल द्वारा यह भी बताया गया कि माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय की निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 30 एचपी के 34 सबमर्सिबल करने की कार्यवाही भी तेजी से चल रही है जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है'

नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जलकल विभाग अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं जिसके क्रम में मॉनिटरिंग को प्रबल करने के लिए कहा गया है साथ ही टैंकरों की संख्या को भी बढ़ाने के लिए कहा गया है ऐसे मलिन बस्ती क्षेत्र जहां पर लगातार टैंकर जाते हैं उनको चिन्हित करते हुए अधिक से अधिक टैंकर भिजवाकर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं जिसके क्रम में कार्यवाही चल रही है वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 70 से 80 टैंकरों से पानी की आपूर्ति का कार्य कराया जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा माननीय पार्षदों से समन्वय स्थापित करते हुए पानी की आपूर्ति को प्रबल करने के निर्देश दिए गए'

# संपादकीय

## जवाबी कार्रवाई से व्यापार युद्ध की आशंका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ हमले और चीन की जवाबी कार्रवाई से विश्व के तमाम शेयर बाजार लहूलुहान हुए हैं। कई अन्य देशों की भी जवाबी कार्रवाई के फैसले से दीर्घकालीन व्यापार युद्ध की आशंका बलवती हो गई है। जिससे पूरी दुनिया में मंदी आने की चेतावनी दी जा रही है। निश्चित तौर पर इससे आर्थिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस संशय और अनिश्चितता के चलते शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली से दुनिया के तमाम शेयर बाजार धराशायी हुए हैं। निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है। आने वाले समय में टैरिफ वॉर के और बढ़ने की आशंका है क्योंकि चीन ने नौ अप्रैल को होने वाली विश्व व्यापार संगठन की बैठक में ह्यनई व्यापार चिंताह्ल के रूप में अमेरिका की टैरिफ नीति का मुखर विरोध करने का फैसला किया है। चीन का मानना है कि अमेरिका के एकतरफा संरक्षणवाद का दुनिया के देशों को विरोध करना चाहिए, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली की सुरक्षा के लिये एक व्यापक गठबंधन बनाने की जरूरत बतायी है। इन हालात में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय दबाव के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ थोपने के फैसले को वापस लेंगे? या फिर पहले की तरह टैरिफ लगाने की धौंस देते रहेंगे। वैसे इस बात की संभावना कम ही है कि जिद्दी ट्रंप अपने बढ़े कदमों को पीछे खींचेंगे। यहां सवाल यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ का जवाब देने वाले देश पलटवार करने में कितने सक्षम हैं। वहीं भारत ने दीर्घकालीन व व्यापक हितों को देखते हुए टकराव टालने का प्रयास किया है और बातचीत का रास्ता चुना है। लेकिन इस अनिश्चितता के दौर में निवेशकों में बढ़ती असुरक्षा ने भारत सरकार पर नीतिगत फैसले लेने के लिये दबाव बनाया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी संभावना है कि चीन व प्रतिकार करने वाले अन्य देशों के दबाव के कारण ट्रंप अपनी आक्रामक रणनीति को लंबे समय तक जारी नहीं रख पाएंगे।

विडंबना यह है कि अमेरिका राष्ट्रपति के इन कदमों से खुद अमेरिका के लिये भी बड़ी आर्थिक चुनौती पैदा हो सकती है। येल विश्वविद्यालय में बजट लैब के एक विश्लेषण के अनुसार ट्रंप सरकार के प्रतिशोधात्मक टैरिफ से औसत अमेरिकी परिवार को सालाना चार हजार दो सौ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं अमेरिका में मंदी और तेज मुद्रास्फीति का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं भारत जैसे अन्य विकासशील व विकसित देशों को आशा है कि वैश्विक व घरेलू दबाव ट्रंप को उनकी भूल का अहसास कराएगा। जिससे वे अधिक आर्थिक अराजकता पैदा करने वाले फैसलों से पीछे हटेंगे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि अमेरिका अपने कई उत्पादों के लिये अन्य देशों पर निर्भर है। उसके उद्यमियों ने भी दूसरे देशों में औद्योगिक यूनिट लगा रखे हैं। ऐसे में उन देशों पर टैरिफ लगाने से अमेरिकी जनता द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं के दाम भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेंगे। यही वजह है कि अमेरिका के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। जिसका असर पूरी दुनिया पर भी दिख रहा है और स्थितियां कोरोना काल के संकट जैसी बन गई हैं। वैसे आज भी दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल से पूर्व की आर्थिक स्थिति पर लौटने के लिये संघर्षरत हैं। कमोबेश ये स्थितियां बड़े आर्थिक संकट की आहट दे रही हैं। जिसकी वजह है कि अमेरिका समेत अन्य देशों में निवेश बाधित होने, उत्पादन में गिरावट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से वैश्विक स्तर पर महंगाई उत्पन्न होने की चिंताएं बढ़ रही हैं। जिसका तमाम क्षेत्रों पर असर पड़ने से आम लोगों का जीवनयापन कठिन होता जाएगा। खपत कम होने से अर्थव्यवस्था का चक्र धीमा हो जाएगा। यही वजह है कि ट्रंप के मनमाने टैरिफ युद्ध से दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं खुद को बचाने की जद्दोजहद में जुटी हैं। हालांकि, खुद अमेरिका भी इसके दुष्परिणामों से अछूता नहीं रहेगा। निवेशकों की घबराहट से उसकी अर्थव्यवस्था भी चरमराएगी। आने वाले वक्त में उसके दांव ही उलटे पड़ने वाले हैं। घोर संरक्षणवाद के चलते वह कालांतर में शेष दुनिया से कट जाएगा।

# श्रीलंका के बरास्ते तमिलनाडु में मोदी व्यूह!

**श्रीलंका 2022 में भारत द्वारा प्रदान की गई भारी सहायता को नहीं भूल सकता, जब इस देश ने अपने समकालीन इतिहास में सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना किया था। उस समय भारत ने बहु-आयामी सहायता प्रदान की, जिसमें कई क्रेडिट लाइनों और मुद्रा समर्थन के माध्यम से 4 बिलियन डॉलर का वित्तपोषण पैकेज शामिल था, ताकि इस देश को आवश्यक आयातों को बनाए रखने और अपने ऋणों पर चूक से बचने में मदद मिल सके। लेकिन, जो बात चीन-पाकिस्तान-अमेरिका और एशिया-प्रशांत के देश जानना चाहते हैं, वो है रक्षा सहयोग।**



श्रीलंका की घरेलू राजनीति से भारत का तमिलनाडु सीधा प्रभावित नहीं होता, तो सहयोग का स्वरूप कुछ और होता। श्रीलंका की यात्रा के तुरंत बाद, रविवार को पीएम मोदी का रामेश्वरम पहुंचना, पंबन वर्टिकल रेल पुल का उद्घाटन, आखिर क्या सन्देश देता है?

भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग विन्ची कोड की तरह हो चुका है। दा विंची कोड डैन ब्राउन द्वारा 2003 में लिखा गया रहस्यपूर्ण थ्रिलर उपन्यास है। जिसमें इतिहास के चौंकाने वाले रहस्य उजागर होते हैं, जिन पर सुनियोजित ढंग से पर्दा डाला गया था। पेरिस के लूव्र म्यूजियम के क्यूरेटर को रहस्य मालूम था। उसकी हत्या हो जाती है। वह मरते समय लियोनार्दो द विन्ची के एक चित्र की आकृति बनाते हुए, फिबोनाकी सीरीज के नम्बरों के साथ, संकेत के रूप में छोड़ जाता है। पूरी कहानी उस विन्ची कोड को डिकोड करने में निकल जाती है। पीएम मोदी कुछ ऐसा ही विन्ची कोड कोलम्बो छोड़ आये हैं, जिसे डिकोड करने में वहां का विपक्ष लग गया है। भारत से किस तरह का रक्षा सहयोग हुआ है? न विपक्ष को पता है, न वहां की मीडिया को।

भारत-श्रीलंका के बीच अच्छे, और बुरे दोनों तरह के सम्बन्ध रहे हैं। राजीव गांधी के कालखंड में उभयपक्षीय संबंधों का भूस्खलन लोग भूल नहीं पाते। नई दिल्ली ने पिछले साल के राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों से काफी पहले सही तरीके से अंदाजा लगा लिया था, कि राजनीतिक हवाएं किस दिशा में बह रही हैं। पीएम मोदी ने जल्द ही राष्ट्रपति बनने वाले अनुरा कुमार दिसानायके को भारत आने का निमंत्रण दिया, जहां उनका शानदार स्वागत हुआ। राष्ट्रपति चुने जाने के कुछ सप्ताह बाद दिसानायके ने भारत की राजकीय यात्रा की, बाद में वो चीन भी गए।

श्रीलंका, निस्संदेह हिंद महासागर में भारत और चीन के बीच शक्ति प्रतिद्वंद्विता से लाभान्वित हो रहा है, जहां भारत अपनी पड़ोसी प्रथम नीति के माध्यम से लाभ चाहता है, जबकि चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के माध्यम से लाभ उठाना चाहता है। नए श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा करने के बाद, चीन की यात्रा करने का विकल्प चुनकर शक्ति संतुलन का प्रयास किया था। जनवरी, 2025 में दिसानायके ने चीन की राजकीय यात्रा की, जिस दौरान दोनों पक्षों ने चीन-श्रीलंका रणनीतिक सहकारी साझेदारी को गहरा करने और साझा करने का संकल्प किया था। श्रीलंका का अखबार द आइलैंड ने अपने सम्पादकीय में लिखा- उपहार के घोड़ों के मुंह पर हाथ धरे बैठे बिना, हमें हमेशा सचेत रहना चाहिए, कि मुफ़्त भोजन जैसी कोई चीज नहीं होती है। हमें अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। एक बात है, श्रीलंका की घरेलू राजनीति से भारत का तमिलनाडु सीधा प्रभावित नहीं होता, तो सहयोग का स्वरूप कुछ और होता। श्रीलंका की यात्रा के तुरंत बाद, रविवार को पीएम मोदी का रामेश्वरम पहुंचना, पंबन वर्टिकल रेल पुल का उद्घाटन, आखिर क्या सन्देश देता है? श्रीलंका के बरास्ते पीएम मोदी तमिलनाडु में व्यूह रच रहे हैं, इतनी बात तो किसी राजनीतिक विश्लेषक की समझ में आ जानी चाहिए। श्रीलंका में महो-अनुराधापुरा रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम और नव उन्नत महो-ओमानथाई रेलवे लाइन का उद्घाटन, ऊर्जा, डिजिटलीकरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ भारत की ऋण पुनर्गठन सहायता से संबंधित समझौते, सामपुर सौर ऊर्जा संयंत्र, दांबुला में 5,000 मीट्रिक टन तापमान और आर्द्रता नियंत्रित कोल्ड स्टोरेज सुविधा, और 5,000 धार्मिक स्थलों पर सौर पैनलों की स्थापना, त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने, श्रीलंका में बिजली, पेट्रोलियम में कनेक्टिविटी स्थापित करने, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में सहयोग, ये सब उस व्यूह रचना का हिस्सा है, जो श्रीलंका से तमिलनाडु तक डैमेज कंट्रोल की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी अपने साथ कई उपहार भी लेते गए, जिनमें युद्धग्रस्त उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए लगभग 2.4 बिलियन श्रीलंकाई रुपये के पैकेज के रूप में है। शायद, यही सहयोग भाव तमिलनाडु की राजनीतिक तपोभूमि में बीजेपी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

श्रीलंका 2022 में भारत द्वारा प्रदान की गई भारी सहायता को नहीं भूल सकता, जब इस देश ने अपने समकालीन इतिहास में सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना किया था। उस समय भारत ने बहु-आयामी सहायता प्रदान की, जिसमें कई क्रेडिट लाइनों और मुद्रा समर्थन के माध्यम से 4 बिलियन डॉलर का वित्तपोषण पैकेज शामिल था, ताकि इस देश को आवश्यक आयातों को बनाए रखने और अपने ऋणों पर चूक से बचने में मदद मिल सके। लेकिन, जो बात चीन-पाकिस्तान-अमेरिका और एशिया-प्रशांत के देश जानना चाहते हैं, वो है रक्षा सहयोग। दोनों शासन प्रमुखों ने अपनी मुट्ठी नहीं खोली। प्रधानमंत्री मोदी ने 16 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ साझा प्रेस सम्मेलन को संबोधित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के निर्णय का खुलासा किया था, किन्तु उसका ब्योरा नहीं दिया था।

हालांकि, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल संपत थुयाकोंथा, जिन्होंने रक्षा सचिव के रूप में रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ने कहा कि वे 2023 में रक्षा वार्ता के दौरान एक समझौता ज्ञापन के हवाले से रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। फिर भी, 2023 में रक्षा वार्ता में क्या कुछ था? उसे डिकोड करना चुनौती जैसा है। इस बार, पीएम मोदी ने जो कुछ भी रक्षा समझौते में किया, उसे लेकर चीन की भृकुटियां नहीं तनी हैं। हो सकता है, ट्रंप से तनाव की वजह से राष्ट्रपति शी भारत से नरम रुख बनाये रखना, वक्त का तकाजा समझते हों। चीन इस बार निर्विकार भाव से श्रीलंका-भारत संबंधों को देख रहा है। फुतान विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र के उप निदेशक लिन मिनवांग ने रविवार को ग्लोबल टाइम्स से कहा, मोदी की श्रीलंका यात्रा का मुख्य उद्देश्य चीन से संबंधित मुद्दे नहीं थे, क्योंकि भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय संबंध भी विभिन्न जटिल मुद्दों का सामना कर रहे हैं।

इस बार दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर सहमति-पत्र (एमओयू), 29 जुलाई, 1987 को विवादास्पद भारत-श्रीलंका शांति समझौते के लगभग 38 साल बाद आया है, जिस पर श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति जयवर्धने और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। उस समय भी समझौते की शर्तों को मंत्रिमंडल से छिपाया गया था। तब श्रीलंका की मार्क्सवाद-लेनिनवाद विचारधारा वाली वामपंथी पार्टी, जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने भारतीय विस्तारवाद का मुद्दा बनाया था। मगर आज, सबकुछ मीठा-मीठा है। हालांकि, फ्रंटलाइन सोशलिस्ट पार्टी और कुछ समूहों ने कोलंबो में विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी है। श्रीलंका, नए नेतृत्व के तहत एक नई राजनीतिक दिशा में आगे बढ़ रहा है, फिर भी, भारतीय मछुआरों द्वारा श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध शिकार, और समुद्री पर्यावरण को नष्ट करना हर बार मुद्दा बनता है। इस साल अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंका ने 140, और 2024 में 550 से ज्यादा भारतीय मछुआरों को गिरफ़्तार किया है। क्या इसका कोई निर्णायक समाधान हो पाएगा?

# बेहतर सेहत की ओर

सोमवार, 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस था। स्वास्थ्य के प्रति औसत आदमी ज्यादा सचेत हुआ है, लगातार शोध एवं विकास से दवाएं बेहतर हुई हैं और अस्पताल तथा डॉक्टर तक पहुंच अपेक्षाकृत आसान हुई है। नतीजतन 2019 तक मौजूदा सदी में इनसान की उम्र औसतन 6 साल बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर 73 साल की औसत उम्र तक आम आदमी जिंदा रह सकता है, जबकि भारत में यह सरकारी आंकड़ा औसतन 67 साल है। अलबत्ता चिकित्सकों के आकलन हैं कि यदि समयबद्ध तरीके से दवाइयां ली जाएं, परहेज किए जाएं, निरंतर टहलना-योग आदि किए जाएं और पोषण-व्यवस्था बेहतर हो, तो आम आदमी 80-85 साल की जिंदगी आसानी से जी सकता है। चलता-फिरता रह सकता है। यकीनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए गए हैं, क्रांतिकारी प्रयोग किए गए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को अपवाद के तौर पर छोड़ा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कोरोना के इंजेक्शन भी बना लिए हैं, बेशक उन पर कुछ विवाद भी हैं, लेकिन उन्होंने आम आदमी को नए प्राण दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई निर्देश जारी किए हैं और स्वास्थ्य संबंधी अंतरराष्ट्रीय सुधार-स्थितियों के भी खुलासे किए हैं। बेशक भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर लगातार घटती जा रही है। वर्ष 2000 से हमारे देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु-दर में करीब 70 फीसदी कमी आई है। नवजात शिशु की मृत्यु-दर में भी करीब 61 फीसदी की कमी आई है। बेशक ये शानदार आंकड़े हैं, जो हमारी स्वास्थ्य-सफलताओं की कहानी कह रहे हैं। वर्ष 2000 में मातृ मृत्यु की संख्या 384 थी, जबकि 2020 में यह घट कर 103 रह गई। उसके बाद मातृ मृत्यु दर में और भी कमी आई होगी। बेशक भारत में मातृ मृत्यु-दर और नवजात बच्चों की मौत का औसत भी कम हुआ है, लेकिन आज भी करीब 25,000 मांओं की मौत हर साल हो रही है। हर साल प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण भी करीब 3 लाख महिलाओं की मौत हो रही है, जबकि 20 लाख से अधिक बच्चे जीवन के प्रथम माह में ही दम तोड़ देते हैं। ये भयानक आंकड़े हैं। मौत के कारण कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि यदि उन्हें बेहतर इलाज मिले और समय पर महिला या शिशु डॉक्टर तक पहुंचाया जा सके, तो ये मौतें भी काफी कम हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम रखा गया है-स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य। साफ मकसद है कि मां और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी जिंदगी को बेहतर बनाना। 2030 तक मातृ मृत्यु-दर में सुधार के लक्ष्य से फिलहाल हर 5 में से 4 देश बहुत दूर हैं, जबकि 3 में से 1 देश नवजातों की मौतों को कम करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान का एक अनुमान सामने आया है कि बीते दो दशकों के दौरान प्रजनन संबंधी पेचीदगियों के कारण करीब 13 लाख महिलाओं की मौत हुई। वाकई ऐसे आंकड़े चिंतित करने वाले हैं। बहरहाल विश्व स्वास्थ्य दिवस ने जो थीम तय किया है, उसके मद्देनजर एक साल तक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सरकारों और चिकित्सा-समाज से उम्मीद करेगा कि वे मातृ और नवजात को बचाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाएं। महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दें। विशेषज्ञों का मानना है

# अमरोहा में डीआईजी ने सुनी पुलिसकर्मियों की शिकायतें



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमरोहा। मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी मुनीराज ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की बैठक में अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद समेत जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी शामिल हुए । डीआईजी ने आने वाले त्योहारों के लिए विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं उन्होंने सभी कार्यक्रम स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए । मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा माफिया डकैती लूट और गो तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए । अपराध नियंत्रण की समीक्षा : अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण और विवेचना निस्तारण की समीक्षा की गैंगस्टर और ऑपरेशन कन्वेंशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा फूट पेट्रोलिंग बढ़ाने और मानव संपदा पोर्टल को नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए गए सैनिक सम्मेलन का आयोजन : कार्यक्रम में सैनिक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी गई और उनके समाधान के लिए तत्काल निर्देश जारी किए गए बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह और सभी सीओ अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा ने आयोजित किया सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन

**भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद देहात विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि 45 वर्ष पहले लगाया गया पौधा आज वट वृक्ष बनकर दुनिया भर में छाया हुआ है।**

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद देहात विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि 45 वर्ष पहले लगाया गया पौधा आज वट वृक्ष बनकर दुनिया भर में छाया हुआ है। सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, कार्यकताओं की बदौलत आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आज एमडीए स्थित रेड सैफायर बैंक्विट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शर्मा ने भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने आगे कहा कि देश के 150 करोड़ से अधिक लोग हमारी पार्टी के सुशासन एजेंडे को देख रहे हैं, जो पिछले वर्षों में मिले ऐतिहासिक जनादेश में भी परिलक्षित होता है। भाजपा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव, स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव में लगातार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रही है। भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को प्राथमिकता देते हुए देश भर में काम कर रहा है

**पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कर रहे हैं कामः भंडूला**

भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा, सुशासन, विकास के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। वर्ष 1980 में तत्कालीन भारतीय जनसंघ के पदाधिकारियों द्वारा की गई थी। भाजपा ने 1984 में लड़े गए पहले आम चुनाव में केवल दो लोकसभा सीटें जीती थीं। साल 2014, 2019 व 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिला, तब से ही हमारी पार्टी सत्ता के केंद्र में है।

**युवाओं को रोजगार मिलने लगा हैः डॉ मिश्रा**

मुरादाबाद देहात विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ के के मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा की



पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सत्ता संभाली है। तब से देश में आतंकवाद का नामोनिशान मिट गया, महंगाई पर काबू पाया गया, पूरे देश में विकास की गंगा बहने लगी, महिलाओं का सम्मान बढ़ने लगा, युवाओं को रोजगार मिलने लगा।

**भारत दुनिया के पटल पर चमक रहा हैः धर्मेंद्र नाथ**

पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि भारत देश को दुनिया के पटल पर चमकने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एवं संचालन महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने किया।

**सम्मेलन में यह सक्रिय सदस्य रहे मौजूद**

सक्रिय सदस्य सम्मेलन में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ के के मिश्रा, पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा के अलावा, भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजू कालरा, महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप, कार्यक्रम संयोजक राहुल शर्मा, कार्यक्रम सहसंयोजक अजय वर्मा, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, राजेश रस्तोगी, सुनीता शर्मा अतुल सोती एडवोकेट, विशाल त्यागी, दिनेश सिसोदिया, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई, पार्षद पंकज शर्मा व दिनेश गोला, डॉ हर्षवर्धन शर्मा, शशि किरण, वनिता मल्होत्रा, विशाल रस्तोगी, सोमपाल सिंह, सोनल अग्रवाल, बबीता यादव, रंजना शर्मा, नमिता सक्सेना,सुनीता अरोड़ा, मंजू लता सक्सेना,रेखा शर्मा, मीना सक्सेना,नरेंद्र सिंह एडवोकेट धर्मेश सैनी,आलोक सैनी,अमित शर्मा,योगेश गुप्ता मयंक कश्यप,अनुज शर्मा, विशाल अग्रवाल,अमित सिंह,संजीव शर्मा नेहा शर्मा गौरव गुप्ता कामेश कुमार गुप्ता पिंकू गुप्ता,अतुल मालीवाल आशीष सक्सेना,हरेंद्र शर्मा,प्रदीप सक्सेना,अजय दिवाकर, विनय राजोरिया,विशाल भटनागर, दीक्षांत चौधरी, सिद्धार्थ शर्मा, प्रवीण बोरा, कृष्ण अवतार शर्मा,अनूप कौशल,सौरभ शर्मा,राघवेंद्र जोशी,मनीष कुमार,हरिओम सैनी, अनूप महरोत्रा,राजीव गुप्ता, ओपी चौधरी गौरव पांडे,शिव प्रजापति, विशाल शुक्ला विक्की कुमार नूर हसन नेहा शर्मा प्रमोद कुमार टीटू सैनी महिपाल सैनी रोशन सैनी किशन सैनी महिपाल सिंह नीरज कुमार विशाल आनंद विजय कुमार वर्मा ब्रह्मजीत सिंह आदि शामिल रहे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दसवां स्थापना दिवस

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबादः सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया गया। इस गरिमामय समारोह में विद्यालय के पुराने छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन और भी यादगार बन गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सत्र 2024-25 में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह रहा। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित कर उन्हें आगे और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री ओ.पी. यादव बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में महेंद्र अग्रवाल जी, चांसलर एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद; अखिल अग्रवाल उपाध्यक्ष, सुंदरदीप ग्रुप, गाजियाबाद, श्रीमती मोनिका अग्रवाल, श्रीमती शैली अग्रवाल, श्रीमती नेहा,एस.जी. यू.के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार सिंह, प्रो-वाइस चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव जी,रजिस्ट्रार एस.जी.यू. ,विभिन्न सोसाइटी हेड और कुछ प्री प्राइमरी स्कूल के हेड ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि श्री ओ.पी. यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और छात्रों की प्रतिभा की सराहना की तथा शिक्षा के महत्व को समझाया।उन्होंने सम्मानित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्य अतिथियों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

पुराने छात्रों ने अपने विद्यालय के दिनों की यादें ताजा कीं और वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यालय के विकास और प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्री मती सपना अहलावत ने सभी अतिथियों, पुराने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय के भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह स्थापना दिवस समारोह सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसने विद्यालय के गौरवशाली अतीत, वर्तमान की उपलब्धियों और उज्जवल भविष्य की एक सुंदर झलक प्रस्तुत की।

# बांके बिहारी मंदिर के समीप महिला ने लड्डू गोपाल किये चोरी, सीसीटीवी में हुई कैद

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर के पास से एक महिला दुकान से लड्डू गोपाल की मूर्ति को चोरी करती हुई सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिला की करतूत की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। एक महिला बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र स्थित पूजन भंडार की दुकान पर पहुंची। यहां अन्य महिलाओं के साथ वह भी पूजन सामग्री आदि देखने लगी। इसी बीच दुकानदार की नजर बचते ही उसने पीतल के लड्डू गोपाल की मूर्ति को चुरा लिया। महिला के जाने के बाद दुकानदार को चोरी का अहसास हुआ। उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो महिला लड्डू गोपाल की मूर्ति को उठाते हुए दिखाई दी। दुकानदार ने सीसीटीवी वीडियो को वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर स्थानीय दुकानदार महिला की खोजबीन में जुटे हैं। सभी दुकानदार अपने यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रहे हैं, ताकि महिला का सुराग लग सके। सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है। न ही थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कपिल ने कोई जानकारी दी है। यदि ऐसा है तो तहरीर मिलने के बाद महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जाएगी।

# कमेटी के नाम पर ठगे लाखों रुपए नरेंद्र (नंदी) परमाल पर हो कार्रवाई, प्रार्थी ने अधिकारी से मिलकर की कार्रवाई की मांग

नेशनल प्रेस टाइम्स

गाजियाबाद थाना- मधूबन बापूधाम, प्रार्थी कानून मे अटूट आस्था रखने वाला मध्यम वर्गीय परिवार से सम्बन्ध रखने वाला व्यक्ति है जिसके पड़ोस मे रहने वाले अभियुक्तगण नरेंद्र (नंदी) पुत्र कृष्णा व परमाल पुत्र राम किशन, निवासीगण- ग्राम- रईसपुर, थाना- मधुबन बापूधाम, तहसील व जिला- गाजियाबाद द्वारा पड़ोस व जान पहचान होने के नाते प्रार्थी से कमेटी के विषय मे बताकर व अन्य धन लाभ का प्रलोभन दे कर एक राय साजिशन व रंजिशन होकर प्रार्थी से अपने यहाँ कमेटी मे हिस्सा लेने का प्रस्ताव प्रार्थी को दिया क्योंकि प्रार्थी बेहद मध्यम वर्ग परिवार का व्यक्ति है और जिसे किन्ही कारणवस पैसे / धन की आवश्यकता थी। जिस कारण प्रार्थी ने अभियुक्तगण के यहाँ दिनांक- 15-02-2023 को 3 वर्ष की कमेटी मे हिस्सा लिया जिसकी शर्तों अनुसार 1,000 /- रुपये प्रतिमाह देकर 50,000 /- रुपये का धन लाभ मिलेगा और यदि कमेटी का सदस्य 3 वर्ष के बीच मे धन की आवश्यकता पड़ने पर कमेटी कम से कम यदि 10,000 /- रुपये भी उठाते है तो 2% प्रतिशत का ब्याज अभियुक्तगण को देना होगा प्रार्थी द्वारा 2 वर्ष से अभियुक्तगणों को कमेटी की किस्त / धनराशि के रूप मे अब तक 50,000 /- रुपये दे चुका है परन्तु अभियुक्तगणों द्वारा प्रार्थी को आवश्यकता पड़ने पर न तो कमेटी उठाने की अनुमति दी गयी और न ही प्रार्थी की संतुष्टि के अनुसार उसके द्वारा दी गयी धनराशि को वापिस नहीं दिया गया। प्रार्थी अभियुक्तगणों के घर व ऑफिस मे जाकर चक्कर लगाता रहा और प्रार्थना करता रहा कि मुझे कमेटी उठाने की आवश्यकता है परन्तु अभियुक्तगणों द्वारा प्रार्थी को कई बार टालम टोल व झूठे आश्वासन देते हुए चक्कर लगवाता रहा दिनांक- 15-03-2025 को प्रार्थी जब धन की बेहद आवश्यकता पड़ने पर कमेटी उठाने के लिए या फिर प्रार्थी के द्वारा दिए गए अब तक 50,000 /- रुपये वापिस लेने के लिए तो अभियुक्तगणों द्वारा प्रार्थी के साथ गाली गलौच कर मारपीट कर भगा दिया और कहने लगे कि हम लोग कमेटी के नाम पर लोगों का पैसा हड़प लेते है हमारे यही काम है यदि अब तू दुबारा यहाँ आया तो हमारी शासन प्रशासन मे अच्छी जान व पहचान है हम तुझे जान से मार या मरवा देंगे या फिर झूठे मुकदमे मे फसा कर तेरी जिन्दगी बर्बाद कर देंगे तब से प्रार्थी बेहद डरा व सहम हुआ है अभियुक्तगणों द्वार यह कमेटी के नाम पर जो गौरख धंधा किया जा रहा है। इनके द्वारा गरीब व भोले भाले मजबूर लोगों को धन का लाभ प्रलोभन कमेटी के रूप से देकर अपने जाल मे फसा लेते है और उनका पैसा हड़प लेते है।

# तहसील में बैनामे को लेकर भाइयों में मारपीट, पुलिस पहुंची

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। थाना क्षेत्र के सराय इमाम के चार भाइयों के बीच बैनामे के दौरान सब रजिस्टर कार्यालय में मारपीट हो गई। मारपीट में जमकर हाथापाई हुई। मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से जख्मी भी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस तीन लोगों को लेकर थाने आ गई। जबकि एक भाई तहसील से फरार हो गया।

मंगलवार को सराय इमाम गांव निवासी शीशपाल अपनी जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम कराने तहसील आया था, जिसकी सूचना शीशपाल के भाई गोकुल को लगी। आरोप है कि गोकुल अपने भाई शिशुपाल की जमीन जालसाजी कर हथियाने के चक्कर में है। आरोप है कि गोकुल और उसके बेटे ने सब रजिस्टर कार्यालय के बाहर अपने भाई शीशपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए शेर सिंह के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में शेर सिंह को गंभीर चोटें आई है। मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शेर सिंह, शीशपाल और गोकुल के बेटे टिंकू के थाने ले आई। पुलिस ने शेर सिंह को मेडिकल को भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। बताते चले कि एक दिन पहले भी इन भाइयों के बीच दानपत्र कराने को लेकर विवाद हो चुका था। जिसमें पुलिस की मौजूदगी में तहसील में जमकर हंगामा हुआ था।

## ग्राम पंचायत मंसूरपुर विकास खंड शाहबाद जनपद रामपुर

**पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटैशन /2025-26** **दिनांक : 30.03.2025**

**अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पटवाई वि. खं. शाहबाद जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ मुख्यमंत्री पुरस्कार, डरफ एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2025 से 12.04.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 12.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सिमेंट | प्रतिबैग | |
| 2 | बालू रेत | घनमिटर | |
| 3 | बजरफुट्ट | घनमिटर | |
| 4 | 20 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 5 | 40 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 6 | ईट प्रथ क्षेणी एम 150 | घनमिटर | |
| 7 | ईट बालदार एम 275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलाकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग एक | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग एक | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति वर्ग मीट | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / वैच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/ बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंकऊ | प्रति नग 1000 ला. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

नियम व शर्तेः स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानरखर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतानकी हम नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्रामपंचायत की।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## ग्राम पंचायत मड़ैयान बुद्धपुर विकास खंड शाहबाद जनपद रामपुर

**पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटैशन /2025-26** **दिनांक : 30.03.2025**

**अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पटवाई वि. खं. शाहबाद जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ मुख्यमंत्री पुरस्कार, डरफ एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2025 से 12.04.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 12.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सिमेंट | प्रतिबैग | |
| 2 | बालू रेत | घनमिटर | |
| 3 | बजरफुट्ट | घनमिटर | |
| 4 | 20 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 5 | 40 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 6 | ईट प्रथ क्षेणी एम 150 | घनमिटर | |
| 7 | ईट बालदार एम 275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलाकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग एक | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग एक | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति वर्ग मीट | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / वैच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/ बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंकऊ | प्रति नग 1000 ला. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

नियम व शर्तेः स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानरखर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतानकी हम नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्रामपंचायत की।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

# शादी के कार्ड को लेकर विवाद भाइयों में मारपीट में एक घायल- रेफर



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद । मंगलवार को आपसी विवाद के चलते हैं एक गंभीर रूप से घायल शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी 51 वर्षीय कमरुद्दीन को उनके ही चचेरे भाई अली अहमद ने बुरी तरह पीटा कमरुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया चचेरे भाई अली अहमद के लड़के की शादी है तो उनके समधी मेरे घर शादी का कार्ड लेकर आए थे ।बस इसी बात को लेकर अली अहमद ने गाली बकना शुरू कर दिया जब मैने इसका विरोध किया तो अली अहमद ने लाठी से बुरी तरह मारना शुरू कर दिया। ओर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला कमरुद्दीन को परिवार के लोग निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कमरुद्दीन की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया

# गोवर्धन में एक करोड़ रुपये स्वीकृत, संवारे जाएंगे बिछुआ व गोविंद कुंड

मथुरा की धार्मिक नगरी गोवर्धन के बिछुआ कुंड और आन्यौर के गोविंद कुंड को संवारा जाएगा। दोनों कुंडों के चारों ओर प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। नगर पंचायत गोवर्धन की अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत की सीमा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े बिछुआ कुंड और आन्यौर के गोविंद कुंड को सौंदर्यीकरण के लिए वंदन योजना में चयनित कर लिया गया है। दोनों कुंडों के विकास के लिए नगर विकास विभाग ने करीब एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि योजना में प्रतिवर्ष जनपद की दो नगर पंचायतों के धार्मिक स्थलों को विकास हेतु चयनित किया जाता है। इसमें ऐतिहासिक बिछुआ कुंड में पानी निकासी, सिल्ट सफाई, कुंड की चहारदीवारी व पत्थर से घाट निर्माण का पक्का काम होना है। कुंड के चारों तरफ व रास्ते पर प्रकाश व्यवस्था होनी है। आन्यौर के गोविंद कुंड पर कुंड की सफाई के साथ सौंदर्यीकरण, कुंड पर इंटरलॉकिंग रास्ता निर्माण व प्रकाश हेतु लाइट लगाने का कार्य प्रस्तावित है। ईओ चैतन्य तिवारी ने बताया कि शासन से आदेश मिलते ही नगर पंचायत द्वारा दोनों कुंडों के सौंदर्यीकरण हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# पिछली कमियों को दूर करते हुए माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत- प्रतिशत पूर्ण करायें अभियान में सभी गतिविधियाँः डीएम

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रथम अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु प्रथम अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि जिन विभागों की गतिविधियों की उपलब्धि 25 प्रतिशत से कम हैं उन्हें स्पष्टीकरण दिया जाये एवं स्कूल रैली, ग्राम प्रभात फैरी, सूअरपालकों की संवेदीकरण बैठकें, किसान संवेदीकरण बैठकें लक्ष्य के अनुसार 100 प्रतिशत पूर्ण कर ली जायें तथा सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी गतिविधियों से सम्बन्धित माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें जिससे जनपद का फीडबैक एवं रैंकिंग राज्य स्तर पर उच्च स्थान पर रहे एवं पिछली कमियों को दूर करते हुए इस अभियान में सभी गतिविधियाँ



माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक की शुरूआत करते हुए प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० अमित तिवारी ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया की संचारी से सम्बन्धित विभागों ने प्रथम सप्ताह में अपनी कार्ययोजनानुसार कार्य किया है। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी ललितपुर अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने गत वर्षों में संचारी रोगों की स्थिति एवं हाई रिस्क ग्रामों की सूची सभी सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि इन गाँव में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई जैसे-गढ्ढों को मिट्टी से भरा जाये झाडियों की कटाई की जाये रूके हुए पानी की निकासी की जाये, नालियों की साफ सफाई की जाये लावार्नाशक दवा का छिडकाव किया जाये सभी ब्लॉकों पर 05-05 लीटर लावीसाईड दवा उपलब्ध करा दी गयी है तथा तीनों नगर पंचायतों एवं नगर पालिका को भी लावीसाईड दवा टेमीफॉस प्राप्त करायी है जो कि जिला पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों के द्वारा गाँव में छिडकाव किया जायेगा। जिससे संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सके। खंड विकास अधिकारी द्वारा फागिंग, लावीसाईड स्प्रे, ए०ई०एस० के कारण दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उनको सहायता/उपकरण प्राप्त कराना होगा एवं उनके द्वारा ग्राम स्तर पर सम्पादित कराये गये कार्य की समीक्षा कर आख्या प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से समन्वय समिति को उपलब्ध करायेगें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के०के० पाण्डेय, अपर सी०एम०ओ० डा० वीरेन्द्र सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नोडल वी०बी०डी० डा० आर०एन० सोनी, डा० राजेश भारती चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, एस०एम०ओ०/डब्लू०एच०ओ०/डी०एम०सी० यूनीसेफ, सूचना विभाग आदि के अधिकारी/सहा० मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

# अगाध श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निकाले गये जवारे

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर जनपद में अगाध श्रृद्धा और भक्तिभाव से ओत प्रोत होकर जवारे निकाले गये जवारों में पुरुष आगे आगे धर्मध्वजा लेकर -चल रहे थे व पीछे महिलाऐं अपने सिरों पर जवारे धारण करके मंगलगीत गाती हुयी चल रही थी। जबारों की प्रथा बहुत पुरानी है व लोग अपने अपने घरों में जवारे रखकर नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान व मां दुर्गा की भक्ति करते हैं व गांव के सभी स्थानों से जवारे आज के दिन सभी भक्तगण अपने अपने जवारे लेकर - सुम्मेरा तालाब तक लाते हैं व पूजन अर्चन व परिक्रमा कर-



के मन्दिर जाकर माता को अर्पित करते हैं। आज भी हमारे देश में श्रृद्धा एवं भक्ति भाव के साथ लोग मां दुर्गा की कृपा प्राप्ति हेतु जवारे रखते हैं और सभी के लिए प्रेम, सौहार्द और दीघार्यु की कामना हेतू जवारे दिये जाते हैं और लोग इन जवारों के रस को चूंसते हैं वह रस शरीर को स्वस्थ रखने में महती भूमिका निभाता है। अतः इस पर्व को लोग अगाध श्रृद्धा से आज भी मनाते है। इसलिए यह भक्तिभाव का पर्व प्रेम और सदभाव के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।

# पत्रकारों पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर यूपी जर्नलिस्टस एसोसिशन के पत्रकारों ने शहजाद बांध का भ्रमण करने आए मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया। जिसमें ललितपुर के पत्रकारों पर प्रशासन द्वारा दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद के कुछ पत्रकारों पर स्टोरी कवर करने को लेकर भू कारोबारियों से लेकर जिला पंचायत और अन्य अनैतिक कारोबारियों ने प्रशासन से मिलकर झूठे मुकदमें दर्ज करा दिए। जबकि शासन से स्पष्ट निर्देश है कि पत्रकारों पर बिना जांच पड़ताल के कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया जाए। इसके बावजूद केवल शिकायती पत्र के आधार पर जनपद के जागरूक पत्रकार पर कई संगीन मुकमदें और उसके बाद गैंगस्टर की कार्रवाई करना प्रशासन की मनमानी है। जिसका यूपी जर्नलिस्ट एसोशियन विरोध करती है। ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय, जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, सुनील त्रिपाठी बाबा,विनोद सुडेले,देवेन्द्र यादव समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे ।

## खेत पर गये एक व्यापारी को बंधक बनाकर की मारपीट, किया नुकसान

ललितपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माहरां में खेत पर गये व्यापारी को जमीनी रंजिश के चलते मारपीट कर बंधक बनाने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर नुकसान करने के मामले में पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला आजादपुरा निवासी नीरभ जैन पुत्र सुमत चन्द जैन ने पुलिस को बताया कि छह अप्रैल की दोपहर खेत पर गया था। इसी दौरान ग्राम महर्रा निवासी संजय यादव, महेन्द्र यादव, अजय यादव पुत्र भीकम अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आया और गाली गलौज करते हुये जान व माल को नुकसान पहुंचाने की धमकी देते हुये लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने हाथ-पैर पकडकर तारवारी के ऊपर से उठाकर अपने खेत पर ले गये। जहां आरोपितों ने उसे बंधक बनाकर मारपीट करते हुये उसका चश्मा व मोबाइल तोडकर उसे कपड़े फाड़ दिये। पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है।

# संक्षिप्त समाचार

## मामा के घर आये युवक ने फांसी लगाकर दी जान

ललितपुर थाना जखौरा के ग्राम पिसौल में मामा के घर आये एक युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली. सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। थाना बार के ग्राम भैलोनी सूबा निवासी रविन्द्र पुत्र मेघराज राजपूत उम्र 27 वर्ष के मामा जगत ने बताया कि बीते चार दिन पूर्व उसका भांजा रविन्द्र इंदौर से उसके घर आया था। बीते रोज खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया, रविवार को उसने घर के बाहर स्थित नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के मामा ने पत्नी के मायके से न आने व सडक दुर्घटना के मामले में विपक्षी द्वारा साठ हजार रुपए लेने के बाद भी राजीनामा न करने से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही है। मृतक तीन भाईयों में बड़ा था।

## महिला के साथ की मारपीट

ललितपुर। महरौनी कोतवाली के ग्राम जरया निवासी उमा देवी पत्नी राहुल ने पुलिस को तहरीर देकर गांव में रहने वाले राजू उर्फ खुशीलाल पुत्र लेखनलाल पर गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

चार व्यक्तियों ने ग्रामीण को पीटा

ललितपुर थाना मड़ावरा के ग्राम छपरौनी निवासी भागीरथ पुत्र चैतू अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि तीन अप्रैल को वह ग्राम रनगांव में था, तभी ग्राम छपरौनी निवासी धनू पुत्र दीनू अहिरवार अपने तीन अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज करते हुये मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने चार नामजद आरोपितों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## दो व्यक्तियों पर लगाया मारपीट का आरोप

ललितपुर थाना बानपुर के ग्राम खाखरौन निवासी भरत सिंह पुत्र जूजन ने गांव में रहने वाले नरेन्द्र पुत्र सुन्दर सहित दो आरोपितों पर गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज करायी है।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

ललितपुर थाना बार के ग्राम बछरावनी में दो पक्षों के बीच एक-दूसरे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। ग्राम बहरावनी निवासी रामसिंह पुत्र पुनू यादव ने गांव में रहने वाले विपक्षी करन सिंह पुत्र राजाराम यादव पर गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाये है। तो वही दूसरे पक्ष से ग्राम बछरावनी निवासी करन सिंह पुत्र राजाराम यादव ने गांव में रहने वाले रामसिंह पुत्र पुनु यादव पर गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में क्रॉस केस दर्ज कराया है।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने व मारपीट करने का मामला दर्ज

ललितपुर थाना बार के ग्राम सेमरा भागनगर निवासी एक ग्रामीण ने गांव में रहने वाले पांच आरोपितों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन को हड़पे व विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। ग्राम सेमरा भागनगर निवासी सुखदीन पुत्र ग्यासी ने पुलिस को तहरीर देकर गांव में रहने वाले विपक्षी मिटू पुत्र रामलाल उर्फ रमला सहित पांच आरोपितों पर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने व उलाहना देने पर शिकायतकर्ता व उसके परिजनों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर श्री श्री 1008 श्री सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा में आज श्री रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के महाराज श्री गंगा दास जी ने बताया है कि यह एक ऐसा पर्व है जिसमें आस्था, आध्यात्म, प्रकृति, पर्यावरण, धर्म और मानवीय उत्थान के विविध आयाम प्रकाशित हो जाते हैं। हिंदू संस्कृति में राम सिर्फ भगवान नहीं अपितु वे मानवीय शील, सदाचार और श्रेष्ठता के भी प्रतीक है। अपने आराध्य के जन्मोत्सव को लेकर भक्त जनों में काफी उत्साह नजर आया ।

भगवान श्री राम का जन्म होते ही संपूर्ण मंदिर प्रांगण में जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा श्रद्धालुओं ने भगवान राम की आरती उतारी और महिलाओं ने मंगल सोहर गाए भए प्रगट कृपाला, दीनदयाला स्तुतो शुरू होते ही भक्तगण राम जन्म की खुशी में झूम उठे और पूरा माहौल भक्ति के रस में डूब गया।

श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर मटके परिवार की ओर से दही की लस्सी और सब्जी पूड़ी वितरित की गई सभी भक्त जनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार संज्ञा रज्जन चौबे शुभराम पुरोहित विशाल संज्ञा संजय साहू आकाश अमन मटके पत्रकार अमित राठौर पंकज कुमार रायकवार एवं जनपद के सभी वरिष्ठ और सम्माननीय नागरिक उपस्थित पत्रकारों पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग

# सदर विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का भाजपा ने कराया सम्मेलन

चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कर्वी विधानसभा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। सम्मेलन का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन के प्रथम सत्र में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रपाल पटेल ने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की शुरूआत प्राथमिक सदस्यता अभियान से हुई। प्राथमिक सदस्यता से ही सक्रिय सदस्य बनकर सभी कार्यकताओं ने सभी वर्गों को समाहित कर पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया। भाजपा ने 11 वर्षों में पार्टी संगठन को निचले स्तर से लेकर शीर्ष तक लगातार मजबूत किया। पार्टी को वर्तमान स्थिति तक पहुंचाने में 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना अहम भूमिका थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने अपने दम पर बहुमत प्राप्त



किया।

द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्षा रंजना उपाध्याय ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक समृद्ध, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। तीसरे व अंतिम सत्र में पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि कश्मीर की क्यारियों में केसर की जगह बारूद उगाने व संकट की घड़ी में पश्चिम का दरवाजा खटखटाने की जो परंपरा को 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद समाप्त कर दिया गया। जब भारत वर्ष की राजनीति के पटल में सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादि चेतना व कुशल नेतृत्व के रूप में नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में पदार्पण हुआ।

जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है, जो भाई-भतीजावाद व परिवारवाद से विरक्त राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर चलने वाली पार्टी है। जिसमें एक सामान्य कार्यकर्ता भी पार्टी के बड़े से बड़े पद पर बैठ सकता है। पार्टी का संगठनात्मक चुनाव पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है और सभी वर्गों को समान भागीदारी मिलती है। सम्मेलन का संचालक जिला महामंत्री राजेश जायसवाल ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, कार्यक्रम संयोजक आलोक पांडेय, सहसंयोजक रामसागर चतुवेर्दी, अभियान संयोजक आनन्द पटेल, मंडल अध्यक्ष पहाड़ी फूलचंद्र राजपूत, भाजपा नेता देव त्रिपाठी, हरिओम करवरिया, ब्रजेश पांडेय, विपुल प्रताप सिंह, हीरो मिश्रा, दिव्या त्रिपाठी, रणबीर सिंह चैहान, बाबूलाल पटेल, प्रेमलाल बाल्मीकि, राजेश्वरी द्विवेदी, साधना सिंह, ज्योति सिंह चैहान, हेमंत सिंह, दिनेश पटेल, धीरेन्द्र सेंगर, संजय पांडेय, अर्पित जायसवाल, आभेष मिश्रा, अशोक पांडेय, विनीता द्विवेदी, राखी चैबे, माया प्रजापति, अभिषेक ओझा, रवि गुप्ता, गोलू गर्ग, शशि मिश्रा, रामेंद्र गौतम, आलोक द्विवेदी, विनोद पांडेय, शेरा खां, हबीब खां, दशरथ प्रजापति, प्रमेन्द्र प्रताप सिंह, आदित्य रघुवंशी, दिनेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर किया गया जागरूक

\चित्रकूट ब्यूरोः जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब ने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशन में जनपद में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण व 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में प्राविधिक सहायक कृषि देवेंद्र कुमार द्वारा विकासखंड पहाड़ी के ग्राम सभा बेराउर एवं नागेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ग्राम पंचायत सीकरी सानी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# 14 अप्रैल तक चलेगा स्वाभिमान स्वमान कार्यक्रम

चित्रकूट ब्यूरोः समाजवादी पार्टी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आठ से 14 अप्रैल तक चलने वाले स्वाभिमान स्वमान कार्यक्रम की सोमवार को शुरूआत की। जिसमें भारतीय लोकतंत्र में बाबा साहब के योगदान और संविधान पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता सूरज सिंह पटेल ने कहा कि पीडीए समाज के सभी लोग एकजुट होकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की देन व धरोहर संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए सपा के साथ आएं। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि संविधान ही संजीवनी है और संविधान ही पीडीए की ढाल है। बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर कुरील ने बताया कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हम सबका मान-सम्मान, स्वाभिमान और अधिकार सुरक्षित रहेगा। पूर्व कोआपरेटिव अध्यक्ष लवलेश यादव ने कहा कि स्वमान के तहत सभी को पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक मानक और मूल्यों के साथ ही पीडीए की एकता के मूल्य को समझना होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान, महिला सभा जिलाध्यक्ष रमा यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अमर पटेल, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अजय यादव, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र कुशवाहा, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संतोष जायसवाल, जलाल खान, उमाकांत यादव, रामसागर यादव, राजा यादव, बालकृष्ण प्रजापति आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में महिला सभा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकरियों व कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर महिला सभा की उपाध्यक्ष अंजू सोनी, कुचारम प्रधान प्रतिभा वर्मा, कोषाध्यक्ष उमा यादव, शोभा जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# समाजसेवियों ने अग्निपीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा विगत दिनों राजापुर तहसील अन्तर्गत ग्राम भदेहदू में हुए भीषण अग्निकांड की चपेट में आए 32 परिवारों को गृहस्थी का सामान वितरित किया गया। साथ ही आगजनी की रोक थाम के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अग्निपीड़ितों को बर्तन, कपड़े एवं तिरपाल आदि देते हुए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पायनियर्स क्लब द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य सराहनीय व अनुकरणीय हैं। कहा कि वितरित की गई राहत सामग्री में रोजमर्रा की भोजन सामग्री बनाने के लिए काम आने वाले बर्तन व तिरपाल के साथ कपड़े भी है। कहा कि राहत सामग्री वितरण का कार्य मानव सेवा की मिसाल है।

# जिला कलक्टर ने केशवरायपाटन,कापरेन, अजेता व खटकड़ में किया खरीद केंद्रों का निरीक्षण

## तुलाई के बाद गेहूं का तुरंत उठाव सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 8 अप्रैल। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने मंगलवार को केशवरायपाटन में तिलम संघ और कापरेन में एफसीआई, अजेता एवं खटकड़ में राजफेड के खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने गेहूं खरीद केंद्रों पर भंडारण, छाया, पानी, तौल और भुगतान की व्यवस्थाएं, उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने गेहूं खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोकन व्यवस्था के अनुरूप खरीद हों। जिला



कलक्टर ने सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि गेहूँ बैचने के लिए मंडी में आने वाले किसानों को रात्रि के समय में परेशान नहीं होना पड़े,इसके लिए किसान भवनों में ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एफसीआई और तिलम संघ के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुलाई के बाद गेहूं का उठाव तुरंत करवाया जावे, ताकि किसान परेशान नहीं हो और खरीद का कार्य सुचारू रहें।उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मंडियों में खरीद व्यवस्था का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि किसानों को उनकी उपज बैचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इसके बाद जिला कलक्टर ने कापरेन में सीएचसी की जमीन का अवलोकन भी किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कापरेन उप-तहसील का निरीक्षण भी किया।निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी केशवरायपाटन भावना सिंह, जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट, भारतीय खाद्य निगम, तिलम संघ तथा राजफेड के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकान जीएसएस कोटकासिम को किया सस्पेंड

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथल-तिजारा, 8 अप्रैल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को उचित मूल्य दुकान जीएसएस कोटकासिम, उचित मूल्य दुकान कोटकासिम, उचित मूल्य दुकान गुरगचका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण की पारदर्शिता, स्टॉक रजिस्टर, रेट लिस्ट, खाद्यान्न रखरखाव एवं वितरण की वास्तविक स्थिति का गहनता से अवलोकन किया।

जिला कलेक्टर ने दुकानदारों से नियमित वितरण, रिकॉर्ड संधारण और उपभोक्ताओं को समय पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पाया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति कोटकासिम में दुकान में खाद्यान्न रखरखाव सही ढंग से न रखने पर जिला कलेक्टर ने जीएसएस कोटकासिम के लाइसेंस को सस्पेंड करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आमजन से संवाद करते हुए कलेक्टर ने राशन की मात्रा और समय पर वितरण को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र के जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुशलक्षेम पूछने एमबीएस चिकित्सालय पहुंचे विधायक प्रेमी

## ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रंधावा की मां आईसीयू में भर्ती

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 8 अप्रेल।ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बूंदी के कांग्रेस नेता जगरूप सिंह रंधावा की मां की कुशलक्षेम पूछने कांग्रेस जिलाध्यक्ष केशवरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी मंगलवार को कोटा एमबीएस चिकित्सालय पहुंचे। विधायक प्रेमी राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के साथ चिकित्सालय पहुंचे।

वहाँ पर विधायक सीएल प्रेमी ने चिकित्सा अधिकारियों से भी वार्ता की।जगरूप सिंह रंधावा की मां पिछले दिनों पैरालाइसिस अटैक के बाद एमबीएस



चिकित्सालय की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ विजय सरदाना के निर्देशन में उनका इलाज किया जा रहा है।

मंगलवार को बूंदी प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रजत मीणा, ब्राह्मण महासभा युवा शाखा जिलाध्यक्ष विकास सनाढय,पीयूष शर्मा गुल्लू, नन्दकिशोर मीणा, गुरजीत सिंह हुण्डल बाजड़, जगदीश मीणा,सुखलाल मीणा नवजोत सिंह केशवरायपाटन सहित जिले भर से बड़ी संख्या में लोग कुशलक्षेम पूछने चिकित्सालय पहुंचे।

# भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा से पार्टी ने किया किनारा

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर की थी अमर्यादित टिप्पणी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजाराः रामगढ़ के पूर्व विधायक और बीजेपी के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूजा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। ज्ञात रहे रामनवमी पर शालीमार राम मंदिर मे दर्शन करने भाजपा के केंदीय मंत्री भूपेंद्र यादव,राज्य मंत्री संजय शर्मा, विधानसभा मे नेता विपक्ष टीकाराम जूली सहित अन्य नेता पहुंचे थे इस पर भाजपा के हिंदूवादी नेता ने जूली पर अमयार्दीत टिप्पणी की और सोमवार को उन्होंने अपनाघर शालीमार स्थित रामलला मंदिर में गंगाजल का छिड़काव किया, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। अब बीजेपी ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। इस मामले को लेकर मंगलवार को अलवर जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में अंबेडकर सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानदेव आहूजा के खिलाफ नारेबाजी की और उनके बयान व व्यवहार की कड़ी निंदा की।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बीजेपी समाज को बांटने की राजनीति कर रही है और इस प्रकार के कार्य उसकी सोच को दशार्ते हैं। गौरतलब है कि 7 अप्रैल को ज्ञानदेव आहूजा अपनाघर शालीमार स्थित रामलला मंदिर पहुंचे थे और मंदिर में गंगाजल का छिड़काव किया था।

ज्ञानदेव आहूजा ने कहा था कि कि रामनवमी के दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कांग्रेसियों को भी बुलाया गया, जिससे मंदिर अपवित्र हो गया। मैंने गंगाजल छिड़ककर पवित्र किया है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। भाजपा ने ज्ञानदेव आहूजा के बयान से पल्ला झाड़ लिया जिले मे ज्ञानदेव आहूजा के भारी विरोध और राजस्थान मे बढ़ते विरोध के चलते भाजपा ने आहुजा पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है जिले मे टीकाराम जूली एक जननेता के रूप मे जाने जाते है सभी धर्मो,जातियों में लोकप्रिय है अतःज्ञानदेव आहुजा का भारी विरोध हो रहा है

# जिले में शुरू हुआ अभय कमांड का हाइटेक सुरक्षा नेटवर्क

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी प्रशासन और पुलिस की नजर



खैरथल !जिले में अपराध पर लगाम लगाने और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अभय कमांड सेंटर के तहत सीसीटीवी निगरानी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। जिले में प्रथम चरण में 102 कैमरो का लक्ष्य रखा गया है जबकि कुल 160 कैमरों का लक्ष्य जल्द ही पूरा किया जाएगा। डिपार्टमेंट ऑफ इंफोर्मेशन एण्ड टैक्नोलॉजी खैरथल के अनुसार अभय कमांड परियोजना के तहत जिले के लिए कुल 160 कैमरे फाइनल किए गए। जिससे यातायात व्यवस्था और सुरक्षा का घेरा मजबूत होगा !इस योजना में ही लाडली सुरक्षा योजना के तहत स्थान जो अभय कमांड परियोजना का एक हिस्सा है में 30 कैमरे लगाने है जिससे महिला कालेज,स्कूलों पर विशेष नजर रखी जा सकेगी ! संवेदनशीलता के आधार पर पुलिस विभाग द्वारा खैरथल में कुल स्थान 51स्थान फाइनल किए गए

जिसके पहले चरण में स्थापित किए जाने वाले कैमरे 102, बाद में प्रत्येक पोल पर 2 या 3 कैमरे आवश्यकता के अनुसार बढ़ाए जा सकते हैं और शेष अगले चरण में स्थापित किए जाएंगे ! जिसमें कुछ स्थान ब्लॉक स्तर के स्थान भी शामिल हैं। सिविल कार्य पूरा हो गया है जिसमें पोल ??फाउंडेशन का काम, पोल निर्माण और बिजली केबलिंग शामिल है ओएफसी बिछाने का काम पूरा हो गया है।

अगला,कमांड सेंटर स्थान या तो खैरथल कलेक्टर या एसपी कार्यालय में फाइनल किया जाएगा जो सर्वर रूम सेट-अप के अधीन है जो प्रसंस्करण के साथ-साथ कलेक्टर की मंजूरी के अधीन है।

एक बार इंटरनेट सर्वर रूम स्थापित हो जाने के बाद, सभी कैमरे ऑनलाइन लाइव हो जाएंगे और सरकार द्वारा प्रायोजित इंटरनेट रसवान के माध्यम से नियंत्रण कक्ष से उन तक पहुंचा जा सकेगा। हालांकि, फिलहाल, लगभग 70 प्रतिशत कैमरे लाइव हैं और उनके फुटेज को इनबिल्ट मेमोरी कार्ड में संग्रहीत किया जा रहा है। ठेकेदार कम्पनी के कर्मचारी रोजाना कार्य को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे है कुछ दिनों मे खैरथल में चप्पे चप्पे पर प्रशासन और पुलिस की नजर रहेगी जिससे आम आदमी अपने आप को हर जगह सुरक्षित महसूस करेगा !

# जिला कलेक्टर ने मरीजों से जानी अस्पताल की हकीकत दिऐं आवश्यक निर्देश



खैरथल-तिजारा, 8 अप्रैल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटकासिम का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता कर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया। इसके साथ-साथ उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के उपकरणों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने का निर्देश भी दिया।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी रेखा यादव चिकित्सक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर देवनारायण मंदिर में मेडिकल हेल्थ चेकअप व दवा वितरण

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी । भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को दलेलपुर स्थित देवनारायण मंदिर में मेडिकल हेल्थ चेकअप व दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ । शहर संयोजक अशोक जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने बालाजी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की । मेडिकल शिविर में क्षेत्र के लोगों का



स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ब्लड शुगर बीपी की जांच भी की गई जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवा वितरित की गई । स्कूली छात्र छात्राओं का भी इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । शिविर में 80 लोग लाभान्वित हुए । दौरान भाजपा संयोजक पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ,सह संयोजक ओम धगाल, सह संयोजक गीताराम मीणा ,पार्षद बालकिशन सोनी सहित ग्रामीण मौजूद थे । शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से डॉक्टर तरुण साल्वी, रिजवान कुरैशी, सपना सेन ,फातिमा, प्रवीण गौतम ,पूजा गुर्जर, नरेंद्र खटीक, शिखा सैनी ने शिविर में अपनी सेवाएं दी ।

# आयुष तेजस अवार्ड 2025 से बठोठ के डॉ विक्रम उच्च शिक्षा मंत्री से सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गुढ़ागौड़जी। बठोठ गांव के निवासी और सीकर के सोनी होम्योपैथिक क्लिनिक के डॉ. विक्रम शिवप्रसाद सोनी को होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाकर रोगी को होम्योपैथिक चिकित्सा के द्वारा जटिल से जटिल बीमारी का इलाज करने वाले डॉ. विक्रम शिवप्रसाद सोनी को आगरा में उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह आगरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव 2025 में दिया गया। डॉ. विक्रम



शिवप्रसाद सोनी को सम्मान होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने और गेहूं से होने वाली एलर्जी के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा के द्वारा ठीक करने और उनके द्वारा सीलिएक रोग पर विशेष कार्य करने पर दिया गया है। डॉ. विक्रम ने सीलिएक रोग में होम्योपैथी की उपयोगिता के बारे मे बताय बताया और कैसी होम्योपैथी हमें मदद कर सकती है। उसके बारे में विचार व्यक्त किये। डॉ. विक्रम पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं।

# राजस्थान पेंशनर मंच के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक ने दिया पद से इस्तीफा

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! राजस्थान पेंशनर मंच के मुख्य संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक नेअपने पद से त्यागपत्र दिया, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज प्रकाश टाक को इस्तीफा भेजा। राजस्थान पेंशनर मंच के मुख्य संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की बूंदी जिले में राजस्थान पेंशनर मंच की स्थापना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज प्रकाश टाक ने मेरे निवेदन पर बूंदी जिले में की थी। लेकिन जिला कार्यकारिणी को पूरी तरह से अवलोकन करने पर पाया की सो व्यक्तियों में 80 व्यक्ति एक ही जाती की उपजाति के लोग हैं तथा एक ही संवर्ग के पेंशनर्स भी 80% से अधिक है तथा एक विपक्ष की राजनीतिक पार्टी विशेष के लिए कार्य करने को जबरदस्ती प्रोत्साहित किया जाता हैजबकि पेंशनर्स मंचमै सभी जाति, वर्ग , संवर्ग एवं राजनीतिक विचारधाराओंके पेंशनर्स है पेंशनर्स मच मै पदाधिकारी एक ही जाति के होने के साथ-साथ वह आपस में रिश्तेदार हैं इन सभी विषयों को लेकर



हमने काफी संघर्ष किया लेकिन दुर्भावनाओं के चलते राजस्थान पेंशनर मंच को चंद लोगों ने अपनी जागीर समझ ली इन्हीं सब बातों को मध्य नजर रखते हुए मैंने अपना त्यागपत्र राजस्थान पेंशनर मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज प्रकाश टाक को भेज दिया है तथा कोटा संभाग के प्रभारी विद्यासागर शर्मा एवं संभाग के अध्यक्ष अजय चतुवेर्दी को भी सूचित किया है पारीक ने कहा है की उन्होंने सदैव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर राजस्थान राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के संगठन को चलाने वाले अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष, कोटा संभाग प्रभारी एवं प्रदेश संगठन में कार्य किया है जिसमें सभी जाति को समान रूप से प्रतिनिधित्व दिया जाता है तथा राज्य कर्मचारी के सभी संवर्ग के लोगों को जोड़कर रखा जाता है बूंदी जिले में इन्होंने राजस्थान पेंशनर मंच बूंदी को जेब की संस्था बना रखा है और जिसका उदाहरण है राष्ट्रीय पर्व पर भी दूसरे लोगों के बैनर के नीचे राष्ट्रीय पर्व मनाया गया

# दुकान के बाहर से सामान चोरी करने वाले चोरों से मुठभेड

## पुलिस की गोली से एक चोर घायल, दूसरा गिरफ्तार, चोरी का सामान, नकदी, तमंचा, बाइक बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**थानाभवन।** कस्बे के मौहल्ला सैयादान में दुकान के बाहर से चोरी करने के दो चोरों को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक चोर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल चोर को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चोरी का सामान, नकदी, तमंचा व एक बाइक भी बरामद की है।





जानकारी के अनुसार थानाभवन के मौहल्ला सैयादान में अज्ञात चोरों ने दुकानों के बाहर से सामान चोरी कर लिया था। घटना के संबंध में पीडित दुकानदारों अंकुर पुत्र राजकुमार, राजकुमार पुत्र हरिराम व हिमांशु पुत्र रामकुमार निवासीगण मौहल्ला सैयादान ने थानाभवन थाने पर तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी थी। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य सुरागों के माध्यम से चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए गंगोह-थानाभवन मार्ग पर दो चोरों को मुठभेड के बाद धर दबोचा। एक चोर शौकीन पुत्र गुलजार निवासी मालीपुर थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर पुलिस की गोली से घायल हो गया जबकि दूसरे चोर आरिफ निवासी मालीपुरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायल चोर को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी किया गया बादाम का कट्टा, बेचे गए सामान की 8 हजार रुपये की नकदी, एक तमंचा, कारतूस, खोखा व घटना में प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की है। वहीं एएसपी संतोष कुमार सिंह न भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।
थानाध्यक्ष थानाभवन वीरेन्द्र कसाना ने बताया कि दोनों चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। घायल चोर को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

## भट्टे से 16 वर्षीय किशोरी लापता, पुलिस को शिकायत

कांधला। थाना क्षेत्र के एक ईंट के भट्टे से 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी दलित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका परिवार हाजीपुर दुगड्डा स्थित एक ईंट के भट्टे पर पथेर का कार्य करता है। बीते सोमवार की सुबह उसकी 16 वर्षीय बेटी दिशा शौच के लिए कह कर गई थी। काफी देर हो जाने के बाद भी किशोरी वापस परिजनों के पास नहीं पहुंची। जिसके के बाद परिवार के लोगों ने किशोरी की खोजबीन की। जानकारी मिली कि जनपद बागपत के गांव मलकपुर निवासी मिंटू किशोरी को अपनी बाइक पर बैठ कर ले गया। पिता ने पुलिस को नामजद शिकायत कर मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर किशोरी को बरामद करने की मांग की।

# पैसे मांगने पर महिला पर फेंका तेजाब, पुलिस से मामले की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। कस्बे की महिला ने अपने पैसे वापस मांगने पर तीन लोगों पर मारपीट कर तेजाब डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस में हडकंप मच गया। वही मोहल्लावासियो का कहना है कि महिला मादक पदार्थ के तस्करी में लिप्त है और कई बार जेल भी जा चुकी है।
पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला रेशमा ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि मोहल्ला निवासी गुड्डू पुत्र निजामु ने लविश कंपनी में पैसा कई गुणा करने के नाम पर महिला के 5 लख रुपए लेकर जमा कर दिए थे। हाल ही में लविश कंपनी का नाम अचानक सुर्खियों में आने पर पीड़िता महिला ने गुड्डू को अपने पैसे लौटाने का दबाव बनाया। महिला का आरोप है मंगलवार अल सुबह पति जाहिद गाड़ी लेकर दिल्ली चले गए थे। महिला घर पर अकेली थी। तभी महिला के घर के अंदर मोहल्ले का ही गुड्डू , अलीम, सरफराज जबरन भीतर घुस गए। और महिला के साथ आद्रता करते हुए गाली गलौज मारपीट शुरू कर दी। महिला के मुताबिक गुड्डू नामक व्यक्ति ने महिला पर तेजाब डाल दिया जिसमें महिला बुरी तरह से झुलस गई। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार कराने के बाद महिला ने थाने जाकर तीनों लोगों के विरुद्ध नामजद शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वही घटना के संबंध में मोहल्ला वासियो का कहना है कि महिला मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त रही है। स्थानीय थाने से दो बार जेल भी जा चुकी है। मोहल्ला वासियों द्वारा शिकायत करने पर उक्त महिला झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। थाना प्रभारी निष्क निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि महिला दो बार मादक पदार्थ की तस्करी में जेल जा चुकी है। जांच की गई तो पूरा मामला फर्जी पाया गया।

### किशोरी को किया बरामद

कांधला, थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर से चार दिन पूर्व 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। घटना के संबंध में लापता किशोरी के पीड़ित पिता ने पड़ोसी गांव के ही एक युवक पर किशोरी को अगवा कर ले जाने की नामजद शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर अगवा किशोरी को भी कुशल बरामद कर लिया।

## मृत पड़ी नील गाय से फैली दुर्गन्ध, नहीं पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**झिंझाना।** दुर्घटना में घायल हुई नील गाय की कईं दिन पहले उपचार न मिलने से मौत हो गई थी। मृत गाय से उठती दुर्गन्ध से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद भी ग्राम प्रधान से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक ने मामले का संज्ञान लेना उचित नहीं समझा। कांग्रेस नेता अश्वनी शर्मा सींगरा ने बताया कि मेरठ करनाल हाईवे के गांव जाट फार्म के सामने एक सप्ताह पूर्व सड़क पार करते समय एक नील गाय घायल हो गई थी, जो इलाज न मिलने के कारण मौत के मुंह में समा गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव, खण्ड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल एवं ग्राम प्रधान ओमवीर तोमर को घटना के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। मृत नील गाय के शव से दुर्गंध आने की वजह से यहां से लोगों का निकलना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा सींगरा के द्वारा मंगलवार को पुनः प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन समाधान नहीं हो पाया। कहा कि वर्तमान सरकार गाय के नाम पर राजनीति करती है, किंतु प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने का काम कर रहे हैं। जिस जगह गाय मृत अवस्था में पड़ी हुई है उसके समीप ही सत्संग भवन है तथा पास ही गांव के बच्चे क्रिकेट भी खेलते हैं। समाधान नहीं होने की वजह से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

कामयाबी की कहानी एक्टर की जुबानी

# शामली के गांव से निकलकर मुंबई जाकर कमाया नाम

### हीरो बनने के जुनून में खंभों पर लगाए पोस्टर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**झिंझाना।** जनपद के छोटे से गांव माल्हीपुर खेड़ा निवासी आजाद चौहान ने गांव से निकलकर फिल्म इंडस्ट्रीज मुंबई में नाम कमाया। शुरूआती दौर में किसी ने काम नहीं दिया तो सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के बाद एक्टिंग ट्रेनिंग स्कूल के पोस्टर लगाकर पेट भी भरा और एक्टिंग भी सीखी। समय ने पलटा खाया तो जोधा अकबर सीरियल में रोल मिला, इसके बाद दबंग 3 में सलमान खान के साथ कार्य किया, वहीं ओटीटी पर पति परमेशर जल्द ही रिलीज होने वाली है। सन्नी देओल तथा वरुण धवन के साथ जल्द ही आने वाली फिल्म में एक अच्छे रोल में नजर आने वाले हैं।

अपने सपनो को पंख लगाने के लिए आजाद चौहान शामली जनपद के छोटे से गांव माल्हीपुर खेड़ा से निकल कर कलाकार बनने, जुनून के घोड़े पर सवार होकर वर्ष 2014 में मुंबई गया, लेकिन उसे क्या पता था कि यहां ठहरना इतना आसान नहीं जितना वह अपने दिमाग में सोचकर मुंबई आया था। आजाद ने अपने शुरूआती दौर से लेकर आज तक की बात शेयर करते हुए बताया कि घर से आकर वह मुंबई बांद्रा में एक छोटे से गेस्ट हाऊस में रहा। सोचा था की मुंबई जाते ही काम मिल जाएगा। मुंबई आकर जब कुछ दिन ठोकर खाई तो, काम देना तो दूर की बात यहां पर कोई बात करने को भी तैयार नहीं था। गेस्ट हाउस में रहते हुए पैसे भी खत्म हो चले थे। तब समझ आया की भूखे पेट जंग नहीं जीती जाती, यहां जमना है और सपनों को पूरा करना है तो, कोई छोटी मोटी जॉब करनी पड़ेगी और एक्टिंग भी सीखनी होगी। काफी भटकने के बाद मुझे एक सिक्यॉरिटी कंपनी में सुपर वाइजर की जॉब मिल गई और एक छोटे से एक्टिंग स्कूल में एक्टिंग का प्रशिक्षण भी लेने लगा। मेरी सेलरी थी मात्र 85 सौ रुपए और ओवर टाइम कर किसी तरह दस हजार तक पड़ जाते थे। यह सिलसिला एक साल तक चलता रहा, लेकिन काम अभी भी नहीं मिल रहा था। एक साल एक्टिंग सीखते निकल गया। जॉब भी अब हाथ से छूट गई थी। अब एक्टिंग फीस जमा करने लिए पैसे नहीं थे। पैसे न होने की वजह से अंदर से टूट गया था। एक छोटे से कमरे में रहता था जहां पानी से लेकर टॉयलेट तक के लिए लाइन में लगाना पड़ता था। मैंने अपने एक्टिंग के गुरु जी से कहा की मैं एक्टिंग स्कूल की फीस भरने की स्थित में नहीं हूं, जिस पर उन्होंने एक्टिंग स्कूल के पोस्टर लगाने के बदले एक्टिंग फ्री सिखाने की बात कही और मैंने हा भर दी। रात को एक बजे तक खम्बों पे चढ़ चढ़कर पोस्टर लगाता रहता। कईं बार करंट लगने से घायल भी हुए, लेकिन पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने बताया कि जल्द ही ओटीटी पर पति परमेश्वर फिल्म रिलीज होने वाली है, जिसमें वह लीड रोल हीरो के रूप में नजर आएंगे। वही सलमान खान की दबंग 3 में करप्ट ऑफिसर का भी रोल किया था, छोटे पर्दे पर वाइल्ड वाइल्ड पंजाब, दी फ्रीलांसर, जिंदगी मेरे घर आना, सनक एक जुनून, सनक, दा एम्पायर, छत्रसाल, तेरी मेरी इक जिन्दडी, दरबार आदि प्रोजेक्ट में काम किया। जय जगन्नाथ, अमीरजादे वेब सीरीज में अहम रोल किया है। वह सन्नी देओल तथा वरुण धवन के साथ जल्द ही एक आने वाली फिल्में में एक अच्छे रोल में नजर आने वाले हैं।





## संक्षेप समाचार :

### पत्नी, साले व साली पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

कैराना। गांव बुटराड़ा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, साले व साली पर मारपीट करके घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बाबरी थानाक्षेत्र के गांव बुटराड़ा निवासी फरमान ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान में उसकी सुसराल है। उसकी पत्नी फातिमा ने उसके विरुद्ध घरेलू हिंसा का एक झूठा मुकदमा दर्ज करा रखा है। वह तभी से ही अपने मायके में ही रह रही है। पत्नी द्वारा दर्ज मुकदमें में जिम्मेदार लोगों ने विगत 06 मार्च को समझौता करा दिया था। विगत सोमवार को शाम करीब 4.20 बजे वह अपनी पत्नी को लेने सुसराल गया था। आरोप है कि इसी दौरान वहां पर मौजूद पत्नी फातिमा, साली आयसा व साले दीन मोहम्मद ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर लाठी-डंडों व लात-मुक्कों से हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे डायल-112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसकी जान बचाई। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन युवकों के यूपी पुलिस में भर्ती होने पर सम्मान



कांधला क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी तीन युवकों के यूपी पुलिस में भर्ती होने पर ग्राम प्रधान द्वारा चयनित युवकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी सुमित,अमित,दिलशाद का यूपी पुलिस में चयन हुआ है। चयन होने पर मंगलवार को गांव के अन्य युवकों के उत्साहवर्धन के लिए चयनित युवकों को ग्राम प्रधान रविन्द्र कुमार ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया है। ग्राम प्रधान रविन्द्र सिंह सहित मौजूद ग्रामीणों ने युवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरानरहतू,प्रदीप,तीर्थपाल,मोहित, गौतम,तेजपाल, मदन,मोहकम,धर्मपाल आदि लोग मौजूद रहे।

## सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में सम्मानित किए नौनिहाल

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
कैराना। मंगलवार को कस्बे के सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में प्राथमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नौनिहालों को प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इनमें नर्सरी में मरयम, मोहम्मद अली व मौ. तल्हा प्रथम, नबील व आव्या द्वितीय, मोहम्मद अफ्फान व शुभिका तृतीय, एलकेजी में वर्धन, आराध्या व कन्हैया प्रथम, आयांश, आराध्या सिंघल, सक्षम व धैर्य द्वितीय, तैमूर, अतिका व अब्दुल अहाद तृतीय, यूकेजी में शाद, अबीरा व इनाया प्रथम, विवान, अना व तैमूर अली द्वितीय, आरव, राधिका व यशस्वी तृतीय, कक्षा एक में इब्राहिम, फारिया, यशस्वी, अमृत, वैभव, वरूणिका, हंसिका, शानवी, वेदिका, अवी व आयत प्रथम, विहान, आरूषी व अनन्त द्वितीय, शुभ, पूर्वी, श्रीजा व शिफानाज तृतीय, कक्षा द्वितीय में मौहम्मद आयाज व रिहम प्रथम, साहिम व महक द्वितीय, विवान व कनिष्का तृतीय, कक्षा तृतीय में वरदान व राधिका प्रथम, मयंक व आराध्या द्वितीय, वाहिज व अफिफा तृतीय, कक्षा चार में हिमांग व भविका प्रथम, कुंज व आराध्या द्वितीय, वेदांश व हेमाक्षी तृतीय, कक्षा पंचम में आशीष व आन्वी प्रथम, अथर्व व इनाया द्वितीय तथा एकांश व प्रिसी तृतीय स्थान पर रहें। विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार व प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहें।




## पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगलों के अंधाधुंध कटान पर लगे रोक

### निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकताओं ने ज्ञापन-पत्र एसडीएम को सौंपा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना। कस्बे के निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना को सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन-पत्र में तेलंगाना के 'कांचा गचीबावली जंगल' जैसी स्थिति का जिक्र करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए जंगलों के अंधाधुंध कटान पर सख्ती से रोक लगाए जाने की मांग की है।
मंगलवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को सौंपा। बताया कि हाल ही में तेलंगाना सरकार ने विकास के नाम पर हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास 400 एकड़ में फैले कांचा गचीबावली जंगल को काटकर पर्यावरण को भयंकर नुकसान पहुंचाने का दुःखद प्रयास किया है। प्रदेश सरकार ने मानवीय व प्राकृतिक नियमों को दरकिनार करके बुलडोजर से जंगल काटने का कार्य किया है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले पर संज्ञान लिए जाने से फिलहाल जंगल के काटे जाने का कार्य बंद है, परन्तु देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह जंगलों के विनाश किये जाने की प्रबल संभावनाएं मौजूद है। इस दौरान फरमान सिद्दीकी, सुहैल, माज चौधरी, फैसल आदि मौजूद रहे।





## भाकियू के प.उत्तर-प्रदेश महासचिव बने अब्बास प्रमुख

कैराना। गांव भूरा निवासी अब्बास प्रमुख को भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) का पश्चिमी उत्तर-प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी प्रदान की है। अब्बास, इससे पूर्व संगठन के मंडल महासचिव के पद पर कार्य कर रहे थे। संगठन के प्रति समपर्ण भाव, कार्य निष्ठा एवं परिश्रम के मद्देनजर शीर्ष नेतृत्व ने उनके कद को ऊंचा किया है। साथ ही, उनसे संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा नीतियों एवं कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार की अपेक्षा की गई है। अब्बास प्रमुख को भाकियू का पश्चिमी उत्तर-प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर समर्थकों में हर्ष है।

# किसानों की 12 बीघा फसल जलकर राख, ग्रामीण द्वारा मुश्किल से पाया आग पर काबू

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव आमवाली में दो किसानों के गेहूं के खेत में अचानक आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चलाकर दूसरे खेतों में आग लगने से बचाया, लेकिन 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है।

मंगलवार को गांव आमवाली निवासी यासीन तथा लियाकत के खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की 12 बीघा गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। खेतों पर कार्य कर रहे लोगों ने शोर मचाकर अन्य किसानों को मौके पर बुलाया तथा किसानों ने ट्रैक्टर की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। किसनो ने बताया कि दोपहर को अचानक दो किसानों के खेतों में आग लग गई। यासीन 7 के बीघा , लियाकत के 5 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। यासीन ओर लियाकत दोनों किसानों ने ठेके पर जमीन ली हुई हैं बातचीत के दौरान बताया गया कि दोनों किसानों का लगभग सवा लाख रुपए का नुकसान हो गया है। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। उसके बाद ग्रामीण वाजिद अली ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी स्थानीय पुलिस मौके पर पहुची ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर चलाकर आग पर काबू पा लिया। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।



## 32 बीघा पकी हुई गेंहू की फसल मे रंजिशन भर दिया पानी, फसल नष्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो चौसाना।** दथेडा में 32 बीघा गेंहूँ के खेत मे जबरण पानी चलाकर फसल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि खेत ठेके पर लिया था और 100 बीघा भूमि पर गेंहू की फसल खडी थी। एक अन्य ठेकेदार ने रंजिशन को नुकसान पहुँचाने का पकी फसल मे पानी को भर दिया। जिससे किसान को लाखों का नुकसान हुआ है। पीडित किसान ने कार्यवाही की मांग की है। चौसाना क्षेत्र के गांव दथेडा में शक्ति सिंह के खेत को हरियाणा के असंध निवासी एक किसान ने ठेके पर लिया था और शक्ति सिंह को ठेके की भूमि का बकाया भी भुगतान कर दिया था। किसान ने 100 बीघा खेत मे गेंहू की फसल को उगा रखा था ,जो पक्कर तैयार थी। सोमवार की रात्रि मे एक अन्य ठेकेदार ने खेत मे पानी भर दिया ,जिससे करीब 32 बीघा गेंहूँ के खेत मे पानी भरने से पकी फसल खराब हो गई और कटने की स्थिति मे नही रही। आसपास के किसानों ने पीडित किसान को मामले की जानकारी दी। जिस पर किसान ने मौके पर आकर देखा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पीडित ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये पुलिस ने शिकायत की है।

**गढ़ी हसनपुर में दो पक्षों में मारपीट, मां-पुत्र घायल, आरोपी फरार**
चौसाना। गढ़ी हसनपुर में दो पक्षों के बीच रात्रि के समय आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई । झगड़े में एक मां और उसके पुत्र को चोटें आईं, साथ ही आरोप है कि उनके घर में तोड़फोड़ की गई। घायल मां को तत्काल मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। घटना पुराने विवाद के चलते हुई। दोनों पक्षों के बीच बहस के बाद स्थिति बिगड़ गई और मारपीट शुरू हो गई। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुटी है।

**आठ घंटे बाधित रहेगी कई मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति**
कैराना। बुधवार को कस्बे के पुराने बिजलीघर के पास रखे 400 केवीए विद्युत ट्रांसफॉर्मर की जौडवां कुआं से निर्मल चौराहे तक एलटी लाइन बदलने का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते कोतवाली फीडर के मोहल्ला पुराना बाजार, बेगमपुरा, चौक बाजार, जौडवां कुआं व निर्मल चौराहे की विद्युत आपूर्ति प्रातः दस बजे से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी। उक्त आश्य की जानकारी कस्बे के 33/11केवी विद्युत उपकेन्द्र देवी मंदिर पर तैनात अवर अभियंता अजय शर्मा ने दी।

**आवश्यकता है**
दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# एक किसान की ज़िद से थमी राहत की बिजली, छह गांवों की जिंदगी बार बार अंधेरे में

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** खोडसमा समेत छह गांवों में बिजली आपूर्ति को लेकर जारी संकट अब एक किसान की ज़िद की भेंट चढ़ रहा है। लाइन के नीचे लगे पेड़ बार-बार कर रहे फॉल्ट" के बाद जब विद्युत विभाग की टीम हरकत में आई और समाधान के लिए कटाई अभियान शुरू किया, तब एक किसान ने विरोध कर न सिर्फ विभाग की कार्रवाई रुकवा दी, बल्कि टीम के साथ गाली-गलौच तक कर डाली बता दें कि टोडा गांव में 33/11 केवी लाइन के नीचे सैकड़ों पेड़ लगे हुए हैं, जिनकी शाखाएं हवा चलने पर बिजली तारों से टकरा जाती हैं और बार-बार फॉल्ट हो जाता है खोडसमा बिजलीघर बंद हो जाता है। जिसका खामियाजा आसपास के खोडसमा, सकौती, इंद्रानगर, कुंथलपुर, सालाहपुर , मुस्तफाबाद गांवों को भुगतना पड़ता है। यहां लोग बिजली कटौती और फॉल्ट की वजह से परेशान हैं। मंगलवार को विद्युत विभाग के एक्शन सौरभ पाठक, एसडीओ अनिल कुमार व अवर अभियंता मोबीन खान अपनी लाइनमैनों की टीम के साथ टोडा पहुंचे। टीम को निर्देश था कि लाइन के नीचे लगे अवरोधक पेड़ों की तत्काल छंटाई की जाए, ताकि बार बार फॉल्ट से निजात मिल सके। टीम ने तेजी से काम शुरू करते हुए करीब 70 पेड़ों की कटाई भी कर दी थी। कटाई के दौरान ही उस खेत के मालिक किसान, जो इस समय शामली में निवास करता है, को सूचना मिली कि उसके पेड़ काटे जा रहे हैं। किसान ने तुरंत जई मोबीन खान को फोन कर कटाई रोकने की चेतावनी दी। जब टीम ने कार्य जारी रखा तो किसान ने फोन पर ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गाली-गलौच पर उतर आया। विभाग ने स्थिति को संभालने के लिए काम रोक दिया और पूरी टीम को वापस लौटना पड़ा।यह पूरा मामला अब छह गांवों के बिजली संकट को और गंभीर बना रहा है। विभाग की मानें तो जब तक पेड़ों की कटाई पूरी नहीं होती, तब तक बिजली आपूर्ति बार बार सुचारू नहीं की जा सकती। थोड़ी सी हवा भी जैसे ही चलती है सप्लाई बाधित हो जाती है। सतेन्द्र सरदार, अरविंद कुमार, राजकुमार, अंकुर तोमर,गुरपेज सिंह, जितेंद्र,का कहना है कि विभाग जनहित में कार्य कर रहा था, और किसी एक व्यक्ति की ज़िद के कारण हजारों लोगों को बार-बार अंधेरे में रखना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि किसान से वार्ता कर कटाई का काम दोबारा शुरू कराया जाए।

**इन्होंने ने कहा...**
एसडीओ अनिल कुमार ने कहा, हम केवल उन्हीं पेड़ों की कटाई कर रहे थे जो बिजली लाइन के नीचे हैं और बार-बार फॉल्ट का कारण बन रहे हैं। यह कार्य जनहित में आवश्यक है। अगर कार्रवाई अधूरी रही तो समस्या जस की तस बनी रहेगी।



# हेमन्त कैबिनेट की बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगी मोहर, मीडिया से हुए मुखातिब

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, झारखण्ड कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री एक सवाल पर बिफर गये। राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में मंगलवार को आयोजित हुई झारखण्ड कैबिनेट की अहम बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान जब पत्रकारों ने उनसे वक्फ कानून को लेकर देशभर में चल रही बहस पर उनकी राय पूछी, तो मुख्यमंत्री सवाल को टालते नजर आये और तंज भरे लहजे में मीडिया पर ही टिप्पणी कर दी। पत्रकार ने पूछा - देश में वक्फ कानून को लेकर बहस जारी है, इस पर आपका नजरिया क्या है? सीएम सोरेन ने कुछ पल सोचने के बाद कहा- अरे यार, बहस करो ना आज देश की अर्थव्यवस्था किस हालत में है। क्या इस पर कुछ चर्चा नहीं करना है आपलोगों को? चर्चा उसी पर करना है, जिस पर विवाद हो? आपलोग भी बहुत महान आदमी हैं बॉस.समझे. इसके बाद मुख्यमंत्री बिना कोई और टिप्पणी किए आगे बढ़ गये। आपको बता दें कि मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 14 फैसलो पर मुहर लगी है। इसमें वित्त, कार्मिक, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई विभागों से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, जिनमें वित्त, कार्मिक, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संसाधन विभाग सहित कई विभागों से जुड़े अहम फैसले शामिल हैं। इन फैसलों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री के स्पेन और स्वीडन दौरे की मंजूरी, और जल संसाधन विभाग में क्षेत्रीय लिपिक नियुक्ति नियमावली 2025 का गठन जैसे फैसले शामिल हैं।



# क्राईम मीटिंग के दौरान एसडीपीओ डीएन आजाद ने थाना प्रभारियों को दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ डीएन आजाद की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के लगभग सभी थाना के थाना प्रभारी ने अपनी भागीदारी सूचित किया। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को दी गई पिछले महीने की सभी मामले की निदेर्शानुसार वस्तु स्थिति की समीक्षा उपरांत कई दिशा-निर्देश दिया। साथ ही इस महीने में सभी मामले का त्वरित कार्यवाही करते हुए वस्तु स्थिति को स्पष्ट करते हुए कार्रवाई करने की ताकिद किया। एसडीपीओ डीएन आजाद ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखें, ताकि आवश्यक कारवाई करते हुए असमाजिक तत्वों द्वारा अप्रयोजनीय गतिविधियों उत्पन्न करने से पहले ही उसे ध्वस्त की जा सके। इसके अलावे किसी भी प्रकार की अवैध परिवहन/ तस्करी पर अंकुश लगाने, थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहने की भी ताकीद की। उन्होंने लंबित वारंटी/ कूर्की/ जब्ती की समीक्षा के उपरांत कई अहमद दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने थाना में आये फरियादी की शिकायतों पर त्वरित कारवाई करते हुए शिकायत के मुताबिक अग्रेत्तर कारवाई करने का निर्देश दिया।



# तेतुलमारी में बुजुर्ग महिला का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), बाघमारा के तेतुलमारी भूली रोड स्थित सुभाष चौक के पास मंगलवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 65 वर्षीय एक वृद्धा महिला के रूप में हुई है, जो ईस्ट बसुरिया सेक्टर तीन की निवासी थी। स्थानीय लोगों की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने तुरन्त इसकी सूचना तेतुलमारी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और (घटनास्थल) शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारम्भिक पूछताछ और पहचान के आधार पर पुलिस ने वृद्धा के परिजनों से सम्पर्क किया। मौके पर पहुंचे उनके पुत्र ने शव की पहचान की और घटना की पुष्टि की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमसीएच, धनबाद भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और आशंका का माहौल है। तेतुलमारी पुलिस ने लोगों से संयम बरतने और जांच में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पायेगी।

# अलग-अलग दो मामले के प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने अलग-अलग दो मामले के दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा पाकुड़ भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रयाग राज के द्वारा जानकारी साझा की गयी के मुताबिक पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के एक बंद घर में ताला तोड़कर चोरी के घटना को अंजाम देने के विरुद्ध पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या- 165/ 2024 के प्राथमिकी अभियुक्त रीतेश कुमार गुप्ता को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा पाकुड़ भेज दिया गया है। जबकि मंदिर में चोरी करने के इल्जाम में पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या- 311/ 2024 के प्राथमिकी अभियुक्त यूनूस अंसारी को भी नगर थाना पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा पाकुड़ भेज दिया है। थाना प्रभारी ने साझा करते हुए बताया कि दोनों अभियुक्त अलग-अलग चोरी की वृतांत से जुड़ा हुआ है और दोनों सातीर चोर है।

# बीसीसीएल के पुराने बंगले पर बढ़ा विवाद, स्थानीय नेता पर लग रहा पेड़ काट कर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का आरोप

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), झरिया के लोदना मोड़ स्थित अपने आवास पर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के लोदना कोलियरी सचिव भोला प्रसाद यादव एवं जनता मजदूर संघ कुंती गुट के मोहम्मद सलीम कुरैशी ने प्रेस वार्ता कर स्थानीय नेता धर्मेंद्र यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भोला यादव ने बताया कि बीसीसीएल भूतपूर्व अपर महाप्रबंधक के रिटायर होने के बाद मौजूद बंगला को क्षेत्रीय हस्पताल का काम काज होता था, जिसे प्रबंधन से मिलीभगत के बाद धर्मेंद्र सिंह और उनके पुत्र रोहित शर्मा को दे दिया गया। लेकिन अब धर्मेंद्र सिंह ने बंगला मे लगे हुए कई पेड़ो को कटवा दिया है और साथ ही पेड़ो की बिक्री भी कर दिए है और अब उसमें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की फिराक में है जो कि यह सरासर गलत है। जिसकी शिकायत मैंने वन विभाग डीएफओ धनबाद समेत जिला के कई अधिकारियों को भी दिया हुं। वही मोहम्मद सलीम कुरैशी ने कहा कि जयरामपुर पुराने आवास में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर पानी बेचने का काम भी इनके द्वारा किया जा रहा है, जिसकी शिकायत सभी जगह पर किया गया है। इन पर जांच कर कार्रवाई किया जाए ,प्रशासन को इसपर संज्ञान लेते हुए कारवाई करने की आवश्यकता है।

# एसडीओ ने की धारा-144 का अवधि विस्तार, 21 मार्च तक रहेगा लागू

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), माह मार्च-2025 से माह-अप्रैल-2025 के मध्य विभिन्न समुदाय के द्वारा पर्व त्यौहार मनाये जाने के क्रम में असामाजिक तत्वों एवं अन्य द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने तथा विधि-व्यवस्था की प्रबल सम्भावना के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 13 मार्च 2025 से लेकर 07 अप्रेल 2025 तक के लिए पाकुड़ अनुमंडल अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र में विभिन्न शर्तों के साथ न्यायालय कि०मि० सं०-92/25 आदेश ज्ञापांक-26/ डी०बी० (12 मार्च 2025) के माध्यम से निषेधाज्ञा लागू किया गया था। उक्त जारी किये गये निषेधज्ञा के आलोक में विगत सभी पर्व-त्यौहार यथा-सरहुल/ईद/रामनवमी को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सका।

पुनः आगामी पर्व-महावीर जयंती/ अम्बेदकर जयंती/ गुड फाइडे / इस्टर भी पाकुड़ जिला में मनाया जायेगा। जिसके ध्यानार्थ विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व में न्यायालय कि०मि० सं०-92/25 आदेश ज्ञापांक-26/ डी०बी० (12 मार्च 2025) के माध्यम से जारी निषेधज्ञा 13 मार्च 2025 से 07 अप्रेल 2025 तक का अवधि विस्तार 21 अप्रेल 2025 तक के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी के द्वारा किया गया है।

# आगजनी के शिकार हुए पीड़ित परिवार को अंचलाधिकारी ने दी सामग्री



**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), मामला धनबाद जिले की पूर्वी टुंडी अंचल क्षेत्र की है, जहां रूपन के निवासी लखीराम टुडू के घर में रात करीब एक बजे किसी कारणवश आग लग गई और लगभग नगद 45 हजार रुपए 50 मन धान और एक क्विंटल चावल और जो बेटी की शादी के सोना चांदी आभूषण थे, वो भी जल कर राख हो गया। लखीराम टुडू की पत्नी रासमुनि टुडू ने बताया कि हम लोग सोए हुए थे, अचानक से घर में आग लग गई और जितने भी सामान था, जल कर राख हो गया है। ग्रामीणों ने आग को अपने सूझ बूझ से बुझाया और आग को फैलने से बचाया। लखीराम टुडू की बेटी की शादी है, जिसकी तैयारी परिवार कर रहे थे। लेकिन आगजनी के कारण आज उनका सपना टूटता नजर आया। रूपन के मुखिया शतीश मुर्मू के द्वारा अंचल और प्रखंड को आगजनी की घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद पूर्वी टुंडी के अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल अपने पूरी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को राहत के रसोई की तमाम सामग्री मुहैया करवाए। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत आपदा विभाग से मिलने वाली राशि एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से पीएम आवास दिलाने की बात कही। साथ ही उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि अंचल आप के साथ है।

# डीसी ने पाकुड़ प्रखण्ड में विकास कार्यों का किया समीक्षा, दिया निर्देश




**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते मंगलवार को पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में गर्मी में पेयजल आपूर्ति, मनरेगा अन्तर्गत संचालित योजनाओं, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जनमन आवास योजना, साईकिल वितरण, 15 वें वित्त आदि योजना कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को लेकर समीक्षा करते हुए जलमीनार, चापाकल व अन्य जलस्त्रोत की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही मरम्मति योग्य सभी चापाकलों, जलमीनारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य जल स्त्रोतों यथा तालाब, कूप को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने पंचायत सचिव को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर लक्ष्य का 60 प्रतिशत आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वही बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत चलाये जा रहे लोग जोड़ो गड्ढा कोड़ो महाभियान अन्तर्गत सभी स्वीकृत योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खोदने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगा रहे, इसको सुनिश्चित करेंगे।ज्ञबैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई० पंचायत आनंद प्रकाश, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी अजीत टुडु, एई, जेई, पंचायत सेवक, मुखिया समेत अन्य उपस्थित थे।

# कालाजार के लक्षणों एवं बचाव के उपाय की जानकारी होना जरुरी- डीसी

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), सदर अस्पताल सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कालाजार सूचना प्रदाता का वेक्टर जनित रोग से सम्बन्धित एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि जिले में कालाजार रोग के प्रति जागरूकता और उसके प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए आज सदर अस्पताल सभागार में सूचना प्रदाता का वेक्टर जनित रोग से सम्बन्धित एकदिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। उपायुक्त ने कहा कि कालाजार को पाकुड़ जिले के मानचित्र से 2026 तक हटाना है। उपायुक्त ने सूचना प्रदाता को कहा कि कालाजार रोग के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम के उपायों के बारे में गांव के लोगों को जागरूक करें। हमें लोगों को समझाने की जरुरत है कि छोटी छोटी सावधानियां रखकर हम इस रोग से सुरक्षित रह सकते हैं और यह तभी संभव है जब सामुदायिक स्तर पर लोग जागरूक हों।एक सप्ताह से अधिक बुखार वाले रोगी अपना ईलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जरुर करायें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार, जिला भी०वी०डी० पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, कालाजार के राज्य सलाहकार डॉ अंजुम इकबाल, डब्लूएचओ के जोनल कोर्डिनेटर डॉ हासीब एवं कालाजार सूचना प्रदाता समेत अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा पाकुड़ इकाई ने प्रशासन पर लगाया गंभीर आरोप,

# तुष्टिकरण की नीति अपना रही है- अमृत पांडेय

**एनपीटी ब्यूरो**

भाजपा के प्रदेश मंत्री श्री दुर्गा मरांडी एवं जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने मंगलवार को प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी और जिला महामंत्री रूपेश भगत उपस्थित हुए। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि 6 अप्रैल को पाकुड़ नगर में विभिन्न आयोजकों के द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों एवं आयोजन समितियों ने प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया, लेकिन प्रशासन की भूमिका सहयोगात्मक नहीं रही। अमृत पांडेय ने कहा कि यह तथ्य बेहद आश्चर्जनक है कि 5 अप्रैल की आधी रात को रामनवमी आयोजन समिति के सदस्यों को नगर थाना में बुलाया जाता है और नाटकीय ढंग से तड़के सुबह लगभग 4 बजे तक अघोषित रूप से हिरासत में रख लिया जाता है। तत्पश्चात उन सभी आयोजन समिति के सदस्यों को बॉन्ड लिखवाकर छोड़ दिया जाता है। यह भी बेहद आश्चर्जनक है कि 5 अप्रैल की ही आधी रात को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय से एक आदेश जारी होता है कि नगर थाना से जांच प्रतिवेदन प्राप्त न होने के कारण पाकुड़ ग्रामीण के झीकरहाटी , नबीनगर सहित 9 गांवों में रामनवमी के जुलूस नहीं निकाला जायेगा। भारतीय जनता पार्टी यह मांग करती है कि नगर थाना ने अगर तय समय पर जांच प्रतिवेदन नहीं दिया तो क्या कोई कार्रवाई हुई? पर इससे इतर सीधे-सीधे रामनवमी की शोभायात्रा रोकने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया। अमृत पांडेय ने बताया कि इस मामले पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के ट्वीट कर राज्य सरकार को आईना दिखाया। भाजपा के इन पूर्व मुख्यमंत्रियों यथा बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास एवं चंपई सोरेन के ट्वीट आने के बाद ही प्रशासन हरकत में आते दिखी। जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर प्रशासन के इस बदले की कार्रवाई में स्थानीय सांसद और विधायक की प्रत्यक्ष भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय पाकुड़ विधायक ने इस मामले में चुप्पी साध ली है और राजमहल सांसद अपना पल्ला झाड़ रहें हैं। अमृत पांडेय ने कहा कि राज्य की झामुमो- कांग्रेस की सरकार लगातार तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। हम प्रशासन से मांग करते है कि सभी धर्मों के त्यौहारों को एक रूप से देखा जाना चाहिए। हिंदू धर्म के त्योहारों में अनायास ही परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

# स्टार्टअप महाकुंभ में आईपीईसी टीबीआई फाउंडेशन के स्टार्टअप हैक्सर को 5 लाख रुपये की ग्रांट

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए फैशन और सुविधा का अभिनव संगम बना हैक्सर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के आईपीईसी टीबीआई फाउंडेशन से इनक्यूबेटेड स्टार्टअप हैक्सर ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में शानदार सफलता हासिल की है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुकूलित परिधान तैयार करने वाले इस नवाचार को विजेता घोषित किया गया है, जिसके तहत हैक्सर को ?5 लाख की ग्रांट प्रदान की गई है। साथ ही, 3 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले स्पीड डेटिंग विद इनवेस्टर्स सत्र में भाग लेने का विशेष अवसर भी मिला है। इस मंच के माध्यम से हैक्सर को देश-विदेश के प्रमुख निवेशकों और वैश्विक साझेदारों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलेगा, जो इसके इंडिया टू ग्लोबल विजन को और गति प्रदान करेगा। भारत से लेकर वैश्विक सिल्वर इकोनॉमी तक अपनी पहचान बना रहा है हैक्सर अब वरिष्ठ नागरिकों के लिए फैशन को गरिमा, सुविधा और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए हैक्सर की संस्थापक एवं सीईओ कंचन गुप्ता ने कहा की बुजुर्ग होना एक सच्चाई है, लेकिन कपड़े पहनना उनके लिए संघर्ष नहीं होना चाहिए। हैक्सर केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा, आराम और आत्मनिर्भरता लौटाना है। इस मंच पर हमारी जीत इस बात का संकेत है कि दुनिया अब ऐज-फ्रेंडली फैशन को अपनाने के लिए तैयार है, और हम इस परिवर्तन का नेतृत्व करेंगे–भारत से लेकर पूरे विश्व तक।

हैक्सर, एक इनक्यूबेटेड स्टार्टअप के रूप में, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए ऐसे वस्त्र प्रस्तुत कर रहा है जो पहनने में आसान, आरामदायक और आत्मसम्मान को बढ़ाने वाले हैं। इसकी नवाचारी सोच को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है।

इस उपलब्धि पर कॉलेज के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. अजय कुमार और आईपीईसी टीबीआईक फाउंडेशन की सीईओ प्रियंका गुप्ता ने स्टार्टअप टीम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बाढ़ से फसलों को बचाने के लिए तटबंध का निर्माण कार्य शुरू विधायक ने किया शुभारंभ।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मुरादाबाद। कोसी नदी आगापुर मड़ौली तटबंध के किलोमीटर 3 कुंदरकी विधानसभा के धतुर्रा - मेघा नगला पैपटपुरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के क्षतिग्रस्त तटबंध के कटाव को रोकने हेतु कटाव निरोधक कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉक्टर नवदीप यादव एक्सईएन रविप्रकाश जी रोहित ठाकुर जय सिंह लोधी जे ई प्रधान बीडीसी व सम्मानित क्षेत्र वासी उपस्थित रहे विधि विधान से पूजा अर्चन करके व नारियल फोड़कर व दुग्धाभिषेक किया । यह कार्य सिंचाई विभाग, मुरादाबाद द्वारा कराया जा रहा है, जो ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी।जिससे बाढ़ के समय गांव और खेतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## कसानों ने वेव सिटी गोल चक्कर का नाम किसान चौक रखा




अनुज चौधरी के नेतृत्व में वेव सिटी पीड़ित किसानों ने वेव सिटी गोल चक्कर का नाम किसान चौक रख ताकि किसानों का अस्तित्व बचा रहे क्योंकि आए दिन बिल्डर किसने की जमीन को लेकर उस पर अपने नाम से कॉलोनी काट देते हैं गांव गांव के जंगल खत्म होते जा रहे हैं सिर्फ बिल्डरों के नाम चल रहे हैं इसी को देखते हुए किसानों ने किसान चौक नाम रखा ताकि किसानों का अस्तित्व बचा रहे और किसानों को कोई भूल न पाए काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे

# इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'स्पर्धा 2025' आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

साहिबाबाद। औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव ह्यस्पर्धा 2025ह्ण का आयोजन किया गया। शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक प्रो. डॉ अजय कुमार, डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) प्रो.डॉ मिनाक्षी , यांत्रिकी विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ एसपी सिंह (संयोजक), असिस्टेंट प्रोफेसर शालिनी सिंह,अजय चौहान, स्पोर्ट्स ऑफिसर उज्ज्वल तोमर, फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस वर्ष स्पर्धा 2025 में 600 से अधिक छात्र-छात्राएं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं, जो खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन की मिसाल पेश कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में सभी प्रतिभागियों और उपस्थितजन ने खेल भावना और सामूहिक ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन किया। स्पर्धा 2025 ने ऊँचाइयों को छूते हुए उत्साह और उमंग के साथ खेलों का उत्सव बना दिया। खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों का जोश देखते ही बनता है। कॉलेज परिसर पूरे जोश और उमंग से सराबोर है।

संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ अजय कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे गुणों का विकास होता है। वहीं स्पोर्ट्स ऑफिसर उज्ज्वल तोमर ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न इनडोर और आउटडोर खेलों की रोमांचक श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, टेबल टेनिस आदि प्रमुख हैं। इस आयोजन ने कॉलेज के छात्रों को न केवल अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका दिया, बल्कि उन्हें एकजुट होकर उत्सव मनाने का एक नया अनुभव भी प्रदान किया।

## मछरिया बाजार की नीलामी।

मुरादाबाद,मूंढापाडे । विकासखंड मूंढापाडे की ग्राम पंचायत मछरिया के सरकारी साप्ताहिक बाजार की वार्षिक नीलामी बुधवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई नीलामी में श्याम कुमार और वीरेन्द्र बोलीदाताओं ने आवेदन किये श्याम कुमार ने सरकारी बोली मानक अनुसार तीन लाख सड़सठ हजार रुपए से प्रारंभ की जबकि वीरेन्द्र ने सौ रुपए अधिक बोलकर बाजार को तीन लाख सड़सठ हजार एक सौ रुपए में बाजार का वार्षिक ठेका अपने नाम करा लिया ग्राम पंचायत सचिव सुधीश कुमार ने बताया नीलामी में बोली लगाने के लिए दो ठेकेदारों ने भाग लिया गत वर्ष बाजार की नीलामी तीन लाख सड़सठ हजार एक सो रुपए रुपए में हासिल की गई थी ग्राम प्रधान अजय कुमार और ग्राम पंचायत सचिव सुधीश कुमार द्वारा कार्यवाई ग्राम पंचायत सदस्यो की मौजूदगी में पूर्ण की गई।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर अधूरे अंडरपास का मामला हसनपुर में ग्रामीणों ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन आंदोलन के चेतावनी।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमरोहा । हसनपुर में चक गुलाम अंबिया गांव के ग्रामीणों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर बन रहे अधूरे अंडरपास को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया ग्रामीणों ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा । ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे अंडरपास से आवागमन में परेशानी हो रही है यह करीब 100 वर्ष पुराना रास्ता है अंडरपास बनने से एक दर्जन से अधिक गांवो के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। पिछले कई महीनो से ग्रामीण इस समस्या को लेकर अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं मुख्यमंत्री दरबार में भी शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अंडर पास का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे प्रदर्शन में हेमराज गुर्जर वीर सिंह संजीव कुमार महिपाल सिंह अरविंद कुमार मनोज गोल्डी मोहन जसराम सुखबीर रामचंद्र सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## राष्ट्रीय लोक दल युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी का बरेली में स्वागत

बरेली ,राष्ट्रीय लोक दल पार्टी युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी का बरेली पहुचने पर बरेली जिलाध्यक्ष मो मतलूब एड ने अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया इसके बाद अभिनय चौधरी ने पी डब्लू डी गेस्ट हाउस में प्रेस को सम्बोधित किया और कहा कि हमारी पार्टी किसानों की पार्टी है, और सर्व समाज की पार्टी है, हमारी पार्टी ने मा. जयंत चौधरी जी के आवहन पर युवाओं को भारी संख्या में पार्टी से जोड़ने का काम किया है ।


## ग्राम पंचायत भौपतपुर विकास खंड शाहबाद जनपद रामपुर

**पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटैशन /2025-26 दिनांक : 30.03.2025**

**अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पटवाई वि. खं. शाहबाद जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ मुख्यमंत्री पुरस्कार, डरफ एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2025 से 12.04.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 12.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सिमेंट | प्रतिबैग | |
| 2 | बालू रेत | घनमिटर | |
| 3 | बजरफुट | घनमिटर | |
| 4 | 20 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 5 | 40 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 6 | ईट प्रथ क्षेणी एम 150 | घनमिटर | |
| 7 | ईट बालदार एम 275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलाकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग एक | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग एक | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति वर्ग मीट | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / वैच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/ बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंकऊ | प्रति नग 1000 ला. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

नियम व शर्तेः स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानरखर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतानकी हम नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्रामपंचायत की।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**



## .ग्राम पंचायत पेगुपुरा विकास खंड शाहबाद जनपद रामपुर

**पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटैशन /2025-26 दिनांक : 30.03.2025**

**अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पटवाई वि. खं. शाहबाद जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ मुख्यमंत्री पुरस्कार, डरफ एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2025 से 12.04.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 12.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सिमेंट | प्रतिबैग | |
| 2 | बालू रेत | घनमिटर | |
| 3 | बजरफुट | घनमिटर | |
| 4 | 20 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 5 | 40 एमएम बजरी | घनमिटर | |
| 6 | ईट प्रथ क्षेणी एम 150 | घनमिटर | |
| 7 | ईट बालदार एम 275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलाकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग एक | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग एक | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति वर्ग मीट | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / वैच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/ बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंकऊ | प्रति नग 1000 ला. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

नियम व शर्तेः स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानरखर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतानकी हम नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्रामपंचायत की।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**



'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173


स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।